TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

भोपाल
वर्षः 6 अंक 121
शुक्रवार 19 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 41°C
न्यूनतम 31°C

मूल्य 2 रुपए
पृष्ठ-8

मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

## 'छात्रों की गूंज' अभियान से राहुल ने छात्रों से मांगे अहम सुझाव



नई दिल्ली, 18 जून। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर गुरुवार को 'छात्रों की गूंज' नाम से नया अभियान शुरू किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने देशभर के छात्रों से इस पहल का हिस्सा बनने और शिक्षा व रोजगार से जुड़े अपने सुझाव साझा करने की अपील की।

राहुल गांधी ने कहा कि यह अभियान उन लाखों छात्रों की आवाज बनने का प्रयास है, जिन्होंने पेपर लीक, परीक्षाओं में धांधली, बढ़ती फीस और रोजगार जैसी समस्याओं का सामना किया है। उन्होंने कहा कि कई परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए जीवनभर की जमा-पूंजी खर्च कर देते हैं, लेकिन व्यवस्था की खामियों के कारण छात्रों के सपने अधूरे रह जाते हैं।

- ऑनलाइन अभियान से जुड़कर छात्र साझा करेंगे सुझाव, सरकार तक पहुंचेगी आवाज

उन्होंने बताया कि 'छात्रों की गूंज' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि छात्रों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने का माध्यम है। इसके जरिए सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली तथा सम्मानजनक रोजगार की मांग को मजबूती मिलेगी।

राहुल गांधी ने छात्रों और युवाओं से अपील की कि वे अभियान के आधिकारिक लिंक पर जाकर अपना नाम दर्ज करें, अपने सुझाव साझा करें और ऑनलाइन याचिका पर हस्ताक्षर करें। उनके अनुसार, इस पूरी प्रक्रिया में महज 30 सेकंड का समय लगेगा।

# 60 दिन का युद्ध विराम, होर्मुज फिर खुलेगा

## अमेरिका-ईरान में ऐतिहासिक सहमति, परमाणु वार्ता और व्यापार बहाली का रास्ता साफ

एवियन (फ्रांस), 18 जून। अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी तनाव को कम करने की दिशा में एक बड़ा कूटनीतिक घटनाक्रम सामने आया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने 60 दिनों के युद्धविराम और व्यापक शांति प्रक्रिया के लिए प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

समझौते के साथ ही दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में शामिल होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर औपचारिक वार्ता शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। फ्रांस के वर्साय महल में राष्ट्रपति ट्रंप ने समझौते पर हस्ताक्षर किए, जबकि तेहरान में राष्ट्रपति पेजेशकियन ने डिजिटल माध्यम से अपनी सहमति दर्ज कराई।

दोनों देशों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घोषणा की कि हस्ताक्षर के साथ ही समझौता तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इसे 'इस्लामाबाद समझौता' नाम दिया गया है।

### हस्ताक्षर

- ट्रंप-पेजेशकियन ने प्रारंभिक समझौते पर किए हस्ताक्षर
- 60 दिन में परमाणु विवाद सुलझाने की होगी कोशिश
- होर्मुज खुलने से वैश्विक तेल बाजार को बड़ी राहत

समझौते के तहत अगले 60 दिनों तक होर्मुज जलडमरूमध्य से व्यापारिक जहाजों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी।

इस दौरान किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसी समुद्री मार्ग से गुजरता है। इसके दोबारा खुलने से अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों में राहत की उम्मीद बढ़ गई है। समझौते की खबर आते ही कच्चे तेल की कीमतों में भी नरमी दर्ज की गई। दोनों पक्षों ने परमाणु विवाद के



समाधान के लिए 60 दिनों के भीतर व्यापक सहमति बनाने का लक्ष्य तय किया है।

इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को कम करने और परमाणु गतिविधियों की निगरानी संबंधी व्यवस्था पर बातचीत होगी। ईरान ने एक बार फिर दोहराया कि उसका उद्देश्य परमाणु हथियार विकसित करना नहीं है। समझौते में ईरान के पुनर्निर्माण और आर्थिक स्थिरता के लिए 300 अरब डॉलर की विकास योजना का भी प्रस्ताव शामिल है।

### ईरान समझौते से पाकिस्तान मजबूत, भारत को झटकाः कांग्रेस

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच हुए 14-सूत्रीय 'इस्लामाबाद समझौता ज्ञापन (एमओयू)' को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इस समझौते को 'इस्लामाबाद एमओयू' नाम दिया जाना पाकिस्तान की बढ़ती क्षेत्रीय और वैश्विक भूमिका का संकेत है तथा यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति के लिए बड़ा झटका है। जयराम रमेश ने कहा कि वर्ष 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग कर दिया था, लेकिन अब वही पाकिस्तान पश्चिम एशिया की कूटनीति और सुरक्षा व्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहा है। उनके अनुसार, इसका भारत के रणनीतिक हितों पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### उपराष्ट्रपति ने की दिल्ली विवि के नशामुक्त परिसर अभियान की सराहना

नई दिल्ली, 18 जून। उपराष्ट्रपति और दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने नशामुक्त अभियान परिसर के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा की गई महत्वपूर्ण प्रगति की सराहना की। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर इस वर्ष की शुरूआत में विश्वविद्यालय में नशामुक्त परिसर अभियान और ई-प्रतिज्ञा मंच के शुभारंभ को याद करते हुए छात्रों से नशामुक्त भारत के राजदूत बनने और मादक द्रव्यों के दुरुपयोग के खतरे के खिलाफ खड़े होने की अपील की। उपराष्ट्रपति ने अभियान के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से 53,000 से अधिक छात्रों ने अनिवार्य शपथ ली है।

### पीएम-किसान की 23वीं किस्त 20 जून को होगी जारी

नई दिल्ली, 18 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी करेंगे। इस दौरान देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,880 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी। लाभार्थियों में 2.18 करोड़ से अधिक महिला किसान भी शामिल हैं। कार्यक्रम का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सहित कई केंद्रीय मंत्री और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### 11 आधुनिक पिस्तौलों के साथ आठ गिरफ्तार

चंडीगढ़, 18 जून। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से हथियार तस्करी के मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके आठ तस्करों को 11 आधुनिक पिस्तौलों के साथ गिरफ्तार किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि इनके पास से बरामद हथियारों में चार .30 बोर (चीनी निर्मित), चार .30 बोर पीएक्स 5 स्टॉर्म, एक .30 बोर ज़िगाना, एक 9 एमएम ग्लॉक (ऑस्ट्रियाई निर्मित) और एक 9 एमएम (ऑस्ट्रियाई निर्मित) तथा आठ जिंदा कारतूस शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस टीमों ने इनकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है।

### टेलीग्राम बना नया डार्क वेब, केंद्र का दावा

नई दिल्ली, 18 जून। दिल्ली हाईकोर्ट ने 21 जून को होने वाली नीट-यूजी पुनर्परीक्षा के मद्देनजर मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम को अस्थायी रूप से बंद करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने अदालत में कहा कि टेलीग्राम अब 'नया डार्क वेब' बन चुका है, जिसका इस्तेमाल अपराधी और असामाजिक तत्व गैरकानूनी गतिविधियों के लिए कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि नीट परीक्षा में पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं के लिए भी टेलीग्राम का व्यापक इस्तेमाल किया गया था, जिसके कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी। अदालत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

## विकास व संस्कृति का संतुलन ही सशक्त समाज का आधारः मुर्मू

**बैतूल में जनजातीय महासम्मेलन में शामिल हुईं राष्ट्रपति**

बैतूल, 18 जून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विकास और संस्कृति, दोनों का संतुलन ही एक सशक्त एवं समृद्ध समाज का आधार है। सार्थक विकास वह हैए जो हमारी जड़ों और जीवन मूल्यों से पोषण भी ग्रहण करे तथा उन जड़ों को मजबूत भी बनाए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को मध्य प्रदेश के बैतूल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण' महासम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि उपभोग की संस्कृति पर आधारित आज की तेज भागती दुनिया में समाज के हर वर्ग की आध्यात्मिक शुचिता बहुत



महत्वपूर्ण हो गयी है।

इसी के बल पर दीर्घकालिक रूप से समता परक आचरण पद्धति और प्राकृतिक संपदाओं के प्रति संवेदनशील जीवन शैली विकसित की जा सकती है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि समाज का वास्तविक सशक्तिकरण तब होता है जब व्यक्ति आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और जागरूकता के बल पर सामाजिक दायित्वबोध के साथ अपने कार्यक्षेत्र में सक्रिय होता है।

## मध्य प्रदेश को बनाया जाएगा देश में आईटी और सेवा क्षेत्र का अग्रणी केंद्रः मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री ने इंदौर में किया निर्माणाधीन आईटी पार्क-3 का निरीक्षण, कहा-प्रदेश में समग्र इकोसिस्टम को देंगे नई आर्थिक गति**

इंदौर, 18 जून। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश को देश का अग्रणी आईटी और सेवा क्षेत्र का केंद्र बनाने का हमारा संकल्प है। उज्जैन-इंदौर मेट्रोपालिटन रीजन (यूआईएमआर) इस परिवर्तन का ग्रोथ इंजन बनेगा।

आईटी पार्क-3, आईटी पार्क-4 आईटी पार्क उज्जैन, इंदौर- पीथमपुर इकोनामिक कॉरिडोर और निजी क्षेत्र की परियोजनाएं मिलकर एक ऐसा आधुनिक इकोसिस्टम तैयार करेगी और मध्य प्रदेश को डिजिटल अर्थव्यवस्था की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात गुरुवार को इंदौर में



निमार्णाधीन आई टी पार्क-3 के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इंदौर को हम मध्य प्रदेश के आईटी और सेवा क्षेत्र की विकास राजधानी के रूप में विकसित कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में यहां विकसित होने वाला आईटी पार्कों का समग्र इकोसिस्टम प्रदेश को नई आर्थिक गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि विकसित किया जा रहे आईटी पार्क प्रदेश को आईटी, ग्लोबल केपीबिलिटी सेंटर (जीसीसी) और सेवा क्षेत्र का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इन परियोजनाओं के माध्यम से मध्यप्रदेश में एक सुदृढ़ और भविष्य उन्मुख डिजिटल अर्थव्यवस्था का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर बताया कि निमार्णाधीन आईटी पार्क 557 करोड रुपए की लागत से ग्रीन बिल्डिंग के रूप में विकसित किया जा रहा है। विश्वस्तरीय यह 22 मंजिला भवन 11.25 लाख वर्गफीट के कुल निर्मित क्षेत्रफल के साथ मध्य भारत का सर्वश्रेष्ठ आईटी पार्क बनने जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्पमित्र भार्गव, विधायकगण रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, मनोज पटेल और पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार, कलेक्टर शिवम वर्मा, एमपीआईडीसी के सीईओ हिमांशु प्रजापति सहित जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### धर्मेंद्र प्रधान ने नीट यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया

नई दिल्ली, 18 जून। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 21 जून को प्रस्तावित नीट-यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों का आकलन करने के लिए गुरुवार को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और संबंधित अधिकारियों को परीक्षा प्रक्रिया में ईमानदारी, पारदर्शिता तथा दक्षता के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा मंत्रालय, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) तथा उच्च शिक्षण संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों और पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी तथा एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे।

## अमित शाह से मिले अमेरिकी राजदूत

नई दिल्ली, 18 जून। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई, सीमा सुरक्षा, नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने और अंतरराष्ट्रीय अपराध पर सहयोग बढ़ाने जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है।

बैठक के बाद अमेरिकी राजदूत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के साथ उनकी बेहद सकारात्मक बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने, गैर-कानूनी ड्रग्स और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने, सीमाओं की सुरक्षा मजबूत करने तथा अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

### चर्चा



- रणनीतिक सहयोग पर हुई चर्चा
- आतंकवाद, सीमा सुरक्षा, ड्रग्स नियंत्रण समेत द्विपक्षीय साझेदारी मजबूत करने पर किया मंथन

यह मुलाकात फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की द्विपक्षीय वार्ता के बाद हुई।

फ्रांस से भारत लौटने के बाद सर्जियो गोर ने अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने मोदी और ट्रंप की बैठक को भी बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक साझेदारी को नई गति देने पर गंभीर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप ने व्यापार, ऊर्जा, रक्षा, प्रौद्योगिकी तथा दोनों देशों के नागरिकों के बीच बढ़ते संबंधों की समीक्षा भी की।

### फ्रांस में प्रमुख उद्योगपतियों से मिले मोदी, निवेश व विस्तार योजनाओं पर चर्चा

नई दिल्ली, 18 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस यात्रा के दौरान गुरुवार को कई प्रमुख वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और भारत में निवेश के अवसरों तथा कारोबार विस्तार की योजनाओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने निर्माण सामग्री क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सेंट-गोबेन के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बेनोइट बाजिन से मुलाकात की। बातचीत में निर्माण सामग्री और अवसंरचना क्षेत्र में अवसरों, विशेषकर टिकाऊ विकास से जुड़े पहलुओं पर चर्चा हुई। मोदी ने भारत में सेंट-गोबेन की मजबूत उपस्थिति और निवेश की सराहना करते हुए कहा कि इससे भारतीय युवाओं के लिए रोजगार और अवसरों का सृजन हो रहा है। बाजिन ने भारत में कंपनी के निवेश और विस्तार की भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने रेल परिवहन और गतिशीलता क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एल्सटॉम के सीईओ मार्टिन सियोन से भी मुलाकात की। इस दौरान रेलवे आधुनिकीकरण और मोबिलिटी क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

## तटरक्षक बल के समुद्री बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल

नई दिल्ली, 18 जून। भारतीय तटरक्षक की क्षमताओं को मजबूत करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को देश के पहले स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल (एसीवी) को समुद्री बेड़े में शामिल किया गया। भारतीय तटरक्षक फ्लीट में एसीवी का शामिल होना देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिहाज से अहम है।

कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि भारतीय तटरक्षक के वरिष्ठ अधिकारियों और शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह समारोह गोवा में हुआ। यह मौका स्वदेशी डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को बढ़ाने और जरूरी समुद्री प्लेटफॉर्म पर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में कई स्टेकहोल्डर्स की लगातार कोशिशों के सफल नतीजे का प्रतीक है। इस एयर कुशन व्हीकल को भारत में ही डिजाइन और बनाया गया है, जो देश के समुद्री इंडस्ट्रियल बेस की बढ़ती ताकत को दिखाता है।

उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट स्वदेशी इनोवेशन को बढ़ावा देने, घरेलू शिपबिल्डिंग विशेषज्ञता को मजबूत करने और आत्मनिर्भर डिफेंस इकोसिस्टम बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को सहयोग करने की दिशा में जरूरी कदम है।

यह जहाज समुद्री कार्यों में ऑपरेशनल मदद करेगा और समुद्री क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का सामना करने की इसकी क्षमता को मजबूत करेगा। यह मौका भारतीय तटरक्षक, रक्षा मंत्रालय और भारत की इंडस्ट्री के बीच राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के हिसाब से एडवांस्ड स्वदेशी सॉल्यूशन देने में करीबी सहयोग को भी दिखाता है।

### हिमाचल प्रदेश के चंबा में खाई में गिरी बोलेरो, सात लोगों की मौत

शिमला, 18 जून। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में एक सड़क हादसे में एक ही गांव के सात लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन सगे भाई व दम्पति शामिल है। मृतकों में चार पुरूष व तीन महिलाएं हैं। हादसा बुधवार देर रात चुराह विधानसभा क्षेत्र के पुखरी-मसरूंड मार्ग पर माणी जीरो के पास हुआ, जहां एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में चुन्नी लाल (65), देवी लाल (62), बबली देवी पत्नी मोती राम (45), मोती राम (50), अनीता कुमारी (20), कुंता देवी (53), मनोहर लाल (34) शामिल हैं। इसमें चुन्नी लाल, देवी लाल और मोती राम सगे भाई हैं।

**छह सांसदों की बगावत से महाराष्ट्र और केंद्र की राजनीति प्रभावित**

## उद्धव की चुनौती बढ़ी, शिंदे साध रहे नई सियासी बढ़त

हरि गोविंद

मुंबई, 18 जून। महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है, जहां एक फैसला राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी बदल सकता है। शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों के अलग रुख अपनाने की चर्चाओं ने उद्धव ठाकरे के सामने नया राजनीतिक संकट खड़ा कर दिया है। यदि यह घटनाक्रम अंजाम तक पहुंचता है तो एकनाथ शिंदे न केवल संगठनात्मक बढ़त हासिल करेंगे, बल्कि एनडीए के भीतर उनकी राजनीतिक ताकत भी पहले से कहीं अधिक मजबूत हो जाएगी।

इन चर्चाओं को उस वक्त और भी बल मिला है जब गुरुवार को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) की नई दिल्ली में आयोजित संसदीय दल की बैठक में छह सांसद संजय दीना पाटिल (मुंबई उत्तर-पूर्व), संजय देशमुख (यवतमाल-वाशिम), नागेश पाटिल अष्टिकर (हिंगोली), संजय जाधव (परभणी), भाऊसाहेब वाकचौरे (शिरडी) और ओमप्रकाश उर्फ ओम राजे निम्बालकर (धाराशिव/उस्मानाबाद) अनुपस्थित रहे।

### तैयारी

- स्थापना दिवस से पहले शक्ति प्रदर्शन की तैयारी तेज
- लोकसभा से लेकर महायुति तक बदल सकते हैं समीकरण

अब इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। पार्टी नेताओं का कहना है कि पार्टी व्हिप की अवहेलना को देखते हुए यह कार्रवाई की जा रही है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का दावा है कि शिवसेना (यूबीटी) के अधिकांश सांसद दल बदलने को तैयार हैं। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, संभावित बदलाव किसी अचानक बनी स्थिति का परिणाम नहीं है। पिछले कई महीनों से पर्दे के पीछे लगातार संपर्क और बातचीत का दौर चलता रहा। अनुकूल समय का इंतजार किया जा रहा था और अब माना जा रहा है कि परिस्थितियां उस दिशा में बनती दिखाई दे रही हैं। यही वजह है कि पिछले कुछ दिनों में महाराष्ट्र और दिल्ली, दोनों जगह राजनीतिक गतिविधियां तेज हुई हैं।

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे अहम पहलू इसकी टाइमिंग है। 19 जून को शिवसेना अपना स्थापना दिवस मनाने जा रही है। यदि इसी दौरान सांसद शिंदे खेमे के साथ आते हैं तो यह केवल संख्या बढ़ने का मामला नहीं होगा, बल्कि राजनीतिक संदेश भी उतना ही बड़ा होगा।

## जालसाजी मामले की जांच में ममता बनर्जी की बहन के घर पहुंची सीआईडी

कोलकाता, 18 जून। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के चयन से जुड़े कथित हस्ताक्षर जालसाजी मामले की जांच में गुरुवार को सीआईडी की एक टीम कालीघाट स्थित पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की बहन के आवास पर पहुंची। इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, जांच दल कथित फर्जी हस्ताक्षर प्रकरण से संबंधित विभिन्न तथ्यों की पड़ताल और आवश्यक जानकारी एकत्र करने के उद्देश्य से वहां पहुंचा था।

हालांकि, सीआईडी की ओर से इस कार्रवाई को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि, यह मामला विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के चयन के लिए प्रस्तुत एक प्रस्ताव (रिजॉल्यूशन) से जुड़ा है। आरोप है कि उस प्रस्ताव में कुछ विधायकों के हस्ताक्षरों का उनकी जानकारी या सहमति के बिना उपयोग किया गया।

शिकायत सामने आने के बाद मामले की जांच सीआईडी को सौंपी गई थी। सीआईडी ने अब तक कई राजनीतिक नेताओं से पूछताछ की है। इस मामले में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव व लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी से भी पूछताछ की जा चुकी है। इसके अलावा विधायक कुणाल घोष, पूर्व मंत्री मदन मित्र सहित कई अन्य नेताओं को भी जांच एजेंसी ने तलब कर बयान दर्ज किए हैं। मामले से जुड़े विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान भी चलाया गया है।

# स्कूल चले हम अभियान: शासकीय शारदा कन्या विद्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री

## आधुनिक खगोलीय प्रयोगशाला का निरीक्षण और स्मार्ट क्लास में पहुंचकर बच्चों से किया आत्मीय संवाद



इंदौर। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को इंदौर प्रवास के दौरान स्कूल चले हम अभियान के तहत बड़ा गणपति स्थित 'शासकीय शारदा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय' पहुंचे। यहां उन्होंने विद्यालय में स्थापित अत्याधुनिक व आकर्षक खगोलीय प्रयोगशाला का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्राओं से चर्चा कर खगोलीय उपकरणों, वेधशाला और मॉडल्स की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आकर्षक स्पेस-थीम, रॉकेट मॉडल्स और 'स्पार्क एस्ट्रोनॉमी' लैब देखकर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने छात्राओं के वैज्ञानिक कौशल की सराहना भी की। साथ ही उन्होंने स्मार्ट कक्षाओं में जाकर बच्चों से आत्मीय संवाद किया और भविष्य के लक्ष्य को जाना। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने अत्यंत आत्मविश्वास के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रयोगशाला में उपलब्ध विभिन्न खगोलीय उपकरणों, दूरबीन और नक्षत्रों व ग्रहों की ट्रैकिंग प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस 'स्पार्क एस्ट्रोनॉमी' लैब को ब्रह्मांड की थीम पर बेहद आकर्षक रूप से तैयार किया गया है। प्रयोगशाला में चंद्र ग्रहण, सूर्य ग्रहण, जल चक्र, ज्वालामुखी और पृथ्वी की आंतरिक संरचना को दशार्ने वाले जीवंत चाट्र्स और मॉडल्स प्रदर्शित किए गए हैं। इसके साथ ही वहां रखे रॉकेट व सैटेलाइट मॉडल्स, मानव शरीर की संरचना को समझाने वाले वर्किंग मॉडल, गुरुत्वाकर्षण के नियम, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) की जानकारी और सौर मंडल के आकर्षक भित्तिचित्रों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। यहां प्रमुख रूप से प्राची जैन, वंशिका प्रजापत, गौरवी पहारिया, मोहिनी करोलिया, हर्षिता वर्मा आदि बालिकाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने वैज्ञानिक और खगोलिय मॉडल के बारे में बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यालय की स्मार्ट कक्षाओं में जाकर बालिकाओं से बेहद आत्मीय और अनौपचारिक संवाद किया। उन्होंने अत्यंत सहजता से बालिकाओं से जाना कि वे भविष्य में क्या बनना चाहती हैं और देश व समाज के लिए क्या योगदान देना चाहती हैं। इस पर बालिकाओं ने भी पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी-अपनी रुचि के अनुसार अपने भविष्य के लक्ष्यों और सपनों के बारे में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया। मुख्यमंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके पारिवारिक पृष्ठभूमि, अध्ययन व्यवस्था, विद्यालय में उपस्थिति तथा पढ़ाई से जुड़ी विभिन्न बातों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार शासकीय विद्यालयों के आधुनिकीकरण और बेटियों को शिक्षा, विज्ञान व तकनीकी क्षेत्र में हर संभव अवसर देने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। शासकीय विद्यालयों में इस स्तर की अत्याधुनिक खगोलीय प्रयोगशालाओं का होना नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को सार्थक करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं के बीच विद्यार्थियों को नवाचार एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों को जिज्ञासु बनकर सीखने तथा अपने ज्ञान का निरंतर विस्तार करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए सतत प्रयासरत रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर राज्य सरकार द्वारा विद्यालयी शिक्षा को अधिक गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और सुलभ बनाने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों एवं योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए स्मार्ट क्लास, विज्ञान एवं नवाचार प्रयोगशालाओं सहित आधुनिक सुविधाओं का विस्तार कर रही है, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, मधु वर्मा तथा मनोज पटेल, सावन सोनकर, सुमित मिश्रा, पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार डंपर का कहर: कई वाहनों को मारी टक्कर

## बीच सड़क पर पलटा, क्षेत्र में हंगामा



जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर के घमापुर क्षेत्र में गैस एजेंसी के पास गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सड़क पर दौड़ पड़ा और कई वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। डंपर ने सड़क किनारे खड़े तथा गुजर रहे कई दोपहिया और चारपहिया वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद डंपर ने एक के बाद एक कई वाहनों को टक्कर मारते हुए बीच सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही घमापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने लोगों को समझाइश देकर शांत कराया तथा पलटे हुए डंपर को हटाने की कार्रवाई शुरू की। सड़क पर डंपर पलटने के कारण लंबा जाम लग गया, जिसे खुलवाने के लिए क्रेन की मदद ली गई। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं हादसे में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। सौभाग्यवश इस घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है, हालांकि कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

# राहुल गांधी को मप्र हाई कोर्ट से राहत नहीं, एमपी-एमएलए कोर्ट की ऑर्डर शीट तलब की



जबलपुर। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने भोपाल एमपी-एमएलए की आर्डर शीट तलब की है, इसके साथ ही राहुल गांधी की ओर से वकीलों ने रिकार्ड पेश करने के लिए समय मांगा, जिसे उच्च न्यायालय ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 23 जून को तय की है।

यह मामला केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के पुत्र कार्तिकेय की ओर से मानहानि प्रकरण से जुड़ा है। राहुल गांधी पर आरोप है कि उन्होंने सार्वजनिक मंच से कार्तिकेय चौहान का नाम कथित तौर पर पनामा पेपर्स लीक मामले से जोड़कर टिप्पणी की थी। इसी बयान को आधार बनाकर कार्तिकेय चौहान ने उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। इसी मामले में भोपाल की विशेष अदालत ने राहुल गांधी को समन जारी किया था, जिसे चुनौती देते हुए राहुल गांधी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। उनका कहना है कि समन जारी किए जाने की प्रक्रिया और आधारों की न्यायिक समीक्षा आवश्यक है।

दरअसल राहुल गांधी ने अपने बयान में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर हुई कार्रवाई का उदाहरण देते हुए कहा था कि मध्य प्रदेश में ऐसी कार्रवाई नहीं हुई। कार्तिकेय सिंह चौहान ने दावा किया कि इस बयान से उनकी छवि धूमिल हुई और उन्होंने एमपीएमएलए कोर्ट में मानहानि का केस दायर किया। 2016 में जब इसके डेटा लीक का दावा किया गया था उस समय अमिताभ बच्चन, अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन, अजय, विजय माल्या समेत कई बड़ी हस्तियों के नाम इसमें शामिल थे। पनामा की तरह ही पैंडोरा पेपर्स लीक का मामला भी सामने आया था। कार्तिकेय सिंह चौहान ने शिकायत में कहा था कि वर्ष 2018 में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए राहुल गांधी ने झाबुआ की चुनावी सभा में भाषण दिया था। इस दौरान उन्होंने कथित तौर पर पनामा पेपर्स लीक का जिक्र करते हुए शिवराज सिंह चौहान और कार्तिकेय का नाम लिया था। हालांकि इसके दूसरे दिन ही राहुल गांधी ने अपने बयान पर कहा था कि वे कन्फ्यूज हो गए थे। दरअसल वे छत्तीसगढ़ के सीएम रमन सिंह के बेटे का नाम लेना चाह रहे थे, लेकिन कार्तिकेय का नाम ले लिया।

# शातिर बदमाश कट्टे के साथ गिरफ्तार

जबलपुर। हनुमानताल पुलिस ने एक आदतन अपराधी को अवैध हथियार के साथ दबोच लिया है। आरोपी मरघटाई कब्रिस्तान के पास एक गुंबद के नीचे लोड देशी कट्टा लेकर किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने या हथियार बेचने की फिराक में खड़ा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से हथियार जब्त कर लिया है। हनुमानताल थाना प्रभारी सुभाषचंद्र बघेल ने बताया कि सूचना मिली कि मरघटाई के आगे कब्रिस्तान में बनी गुम्बद जैसी जगह पर खड़े हारून राईन (23), पिता मोहम्मद युनुस निवासी चांदनी चौक, सुलेमानी मस्जिद के सामने वाली गली, हनुमानताल को घेराबंदी कर दबोचा गया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली, तो उसकी कमर में पीछे एक देशी कट्टा खोंसा हुआ मिला। पुलिस ने जब कट्टे को चेक किया, तो उसके चैंबर में एक जिंदा कारतूस पहले से लोड था। पुलिस ने हथियार और कारतूस को जब्त कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी हारून राईन शातिर और अपराधी प्रवृत्ति का है।

# मुख्यमंत्री ने इंदौर के किला मैदान पर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



इंदौर। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इंदौर प्रवास के दौरान ऐतिहासिक किला मैदान स्थित शौर्य की प्रतिमूर्ति वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थल पहुंचकर उनके चित्र तथा प्रतिमा पर भावपूर्ण माल्यार्पण किया। उन्होंने स्वाधीनता संग्राम की अमर महानायिका को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से सादर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस गरिमामयी अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का अद्वितीय साहस, अमर शौर्य और अदम्य राष्ट्रप्रेम संपूर्ण देश के लिए सदैव प्रेरणापुंज बना रहेगा। उन्होंने अल्पायु में मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका यह सर्वोच्च बलिदान हर पीढ़ी को देश सेवा और स्वाभिमान के पथ पर आगे बढ़ने की निरंतर प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार महापुरुषों और स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के गौरवशाली इतिहास को सहेजने तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। इंदौर का यह ऐतिहासिक किला मैदान क्षेत्र भी हमारी ऐतिहासिक धरोहरों और महान वीरों की स्मृतियों का साक्षी है।

इस अवसर पर नगरीय विकास प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सुमित मिश्रा, सुदर्शन गुप्ता, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार और कलेक्टर शिवम वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# छोटा हाथी से ढुल रही शराब पकड़ी

जबलपुर। अधारताल पुलिस ने अमखेरा में दबिश देकर छोटा हाथी से ढुल रही शराब पकड़ी है । साथ ही तस्कर को भी दबोचा है ।कार्रवाई के दौरान 90 कार्टून में 4500 पाव देशी शराब एवं शराब परिवहन में



छोटा हाथी वाहन जप्त की गई।टीआई विपिन ताम्रकार ने बताया कि अमखेरा रोड जागृतिनगर के पास घेराबंदी कर छोटा हाथी चालक जसवीर सिंह संधु 32 वर्ष निवासी लेमा गार्डन राजीव गांधी आवास गोहलपुर को दबोचा गया जबकि उसका साथी अनिल भाग निकला। छोटा हाथी वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड एम 6942 की तलाशी लेने पर 90 कार्टून रखे मिले, चैक करने पर कुल 4 हजार 500 पाव देशी शराब कीमती लगभग 4 लाख 50 हजार रुपए की रखी मिली। जिसके जब्त करते हुए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

# जबलपुर सहित 30 जिलों में येलो अलर्ट, तेज हवाओं और वज्रपात की चेतावनी

जबलपुर। जबलपुर में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन का इंतजार जारी है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की उत्तरी सीमा फिलहाल हरनाई, सोलापुर, हैदराबाद और भद्राचलम के आसपास स्थिर बनी हुई है। प्रदेश की दक्षिणी सीमा से इसकी दूरी अभी लगभग 350 से 400 किलोमीटर है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले चार से पांच दिनों में मानसून आगे बढ़ सकता है, हालांकि मध्य प्रदेश में इसके प्रवेश की तिथि इसकी गति पर निर्भर करेगी।

मौसम विभाग ने प्रदेश के 30 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें जबलपुर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, मंदसौर, नीमच, शाजापुर, आगर-मालवा, राजगढ़, सीहोर, रायसेन, विदिशा, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, कटनी, उमरिया, शहडोल, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी और छिंदवाड़ा जिले शामिल हैं। विभाग ने इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गरज-चमक के साथ बारिश होने तथा वज्रपात की संभावना जताई है। कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है, जबकि अन्य स्थानों पर आंशिक बादल छाने और हल्की बौछारें पड़ने के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल प्री-मानसूनी गतिविधियां ही प्रभावी हैं। विभिन्न मौसमी तंत्रों के कारण बादलों की पट्टी बनने से कुछ इलाकों में अधिक और कुछ में कम बारिश हो रही है। चूंकि अभी गर्मी का मौसम बना हुआ है, इसलिए जिन क्षेत्रों में बारिश नहीं हो रही है वहां लू जैसे हालात बने हुए हैं। वहीं वर्षा थमने के बाद उमस भरी गर्मी लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है। हालांकि जबलपुर में रोज दोपहर के बाद बादल छाने के साथ हल्की बूंदाबांदी जारी है।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से मुक्ती की मांग पर प्रर्दशन



अनूपपुर। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में अपनी मांगों को लेकर जिले के शिक्षक आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के आदेश में वर्ष 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्ति दिलाने के लिए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने गुरूवार को विरोध देशभर में प्रदर्शन किया।

प्रदेश के सभी 55 जिलों सहित अनूपपुर में कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि केंद्र सरकार आगामी मानसून सत्र में विशेष विधेयक लाकर 2010 से पहले के शिक्षकों को इस नियम से परमानेंट छूट देने की मांग को लेकर जिला मुख्यारलय अनूपपुर में गुरुवार को सैकड़ों शिक्षक डायट में एकत्रित हुए। बैठक के बाद शिक्षकों ने जुलूस निकाला और कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। इस दौरान शिक्षकों के हाथों में बैनर और नारे लिखी तख्तियां थीं, जिनके जरिए उन्होंने इस आदेश का विरोध किया। जहां डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी ज्ञापन सौपा।

ज्ञात हो कि 29 माई 2026 को आए सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले के बाद कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले पुराने शिक्षकों के लिए भी टीईटी अनिवार्य कर दिया गया है। न्यायालय के इस आदेश से सालों से सेवा दे रहे लाखों शिक्षकों के भविष्य और उनके परिवारों पर अचानक तलवार लटक गई है। संघ का साफ कहना है कि वह न्यायालय का सम्मान करते हैं, लेकिन इस गंभीर संकट का समाधान अब केवल संसद ही कर सकती है।

जिला अध्यक्ष संजय निगम ने बताया कि राष्ट्रीय संगठन अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर पूरे देश में आज शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) परीक्षा के विरोध में प्रर्दशन किया गया हैं। उन्होंने बताया कि महासंघ की प्रमुख मांगों में देश के विभिन्न राज्यों में 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों और मध्य प्रदेश में टीईटी लागू होने की 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए। इन शिक्षकों की सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति और अन्य सेवा लाभों को पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जाए। महासंघ ने मांग की है कि आवश्यकता पड़ने पर संसद में उपयुक्त विधायी संशोधन या विशेष प्रावधान लाकर इस वर्ग को स्थायी राहत प्रदान की जाए। साथ ही, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर शिक्षकों में व्याप्त असमंजस और असुरक्षा की स्थिति का तत्काल निराकरण करने की मांग की गई। इस प्रदर्शन में जिला सह संयोजक अविनाश मिश्र सहित कई अन्य शिक्षक शामिल हुए।

# चाकू की नोक पर लूट, महिला घायल

जबलपुर। तिलवारा थाना अंतर्गत रमनगरा वाटर प्लांट के पास मोटरसाइकिल सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने स्कूटी सवार बालाघाट निवासी एक बुजुर्ग दंपत्ति और उनकी नातिन को घेरकर चाकू दिखाया और महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र और नगदी से भरे दो बैग छीनकर फरार हो गए। वारदात के दौरान हुई छीनाझपटी में बुजुर्ग महिला के हाथ में चाकू लगने से घायल हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जिला बालाघाट के मोतीनगर कोतवाली की रहने वाली कौशन पारधी (64) अपने पति हेमराज पारधी, बेटी पुष्पा बिसेन और नातिन प्रियल व अंकिता के साथ जबलपुर आई थीं। वे गढ़ा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरीं और वहां से शास्त्रीनगर निवासी अपने रिश्ते के देवर टेकचंद पंवार के घर जाने के लिए रवाना हुईं। पूरा परिवार दो अलग-अलग स्कूटियों पर सवार होकर शास्त्रीनगर की तरफ बढ़ रहा था। आगे वाली स्कूटी पर देवर टेकचंद, बेटी पुष्पा और अंकिता पारधी चल रहे थे। वहीं, उनके पीछे दूसरी स्कूटी पर बुजुर्ग हेमराज पारधी, उनकी पत्नी कौशन पारधी और नातिन प्रियल सवार थे। जैसे ही उनकी स्कूटी रमनगरा वाटर प्लांट के पास पहुंची, पीछे से आए दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अज्ञात लड़कों ने उनकी स्कूटी के आगे अपनी गाड़ियां अड़ा दीं। गाड़ी रुकते ही दो बदमाश मोटरसाइकिल से नीचे उतरे। एक लड़के ने तुरंत धारदार चाकू निकाल लिया, जबकि दूसरे ने कौशन पारधी को डराकर उनके गले से सोने का कीमती मंगलसूत्र कीमत लगभग 70 से 80 हजार रुपये झपट लिया। इसके बाद बदमाशों ने स्कूटी के सामने रखे दो हैंडबैग भी उठा लिए, जिसमें 4,000 नगद और जरूरी दस्तावेज रखे थे। महिला ने जब इसका विरोध किया, तो लुटेरों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके दाहिने हाथ की उंगली में चोट आई है।

# भ्रष्टाचार के विरोध में पोड़ी के ग्रमीणों ने किया चक्का जाम, घंटों बाधित रहा शहडोल-अमरकंटक मार्ग




अनूपपुर। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी में विकास कार्यों में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश गुरुवार को सड़क पर फूटा और शहडोल-अमरकंटक मुख्य मार्ग पर ग्राम पोड़ी के समीप चक्का जाम कर प्रदर्शन किया, जिससे कई घंटों तक यातायात पूरी तरह बंद रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। तहसीलदार एवं जनपद सीईओ और पुलिस के अधिकारी के आश्वासन के बाद जाम खुला।

पुष्पराजगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी के ग्रामीणों का आरोप था कि ग्राम पंचायत में विभिन्न निर्माण कार्यों के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान किया गया, जबकि कई कार्य धरातल पर दिखाई नहीं देते। इस संबंध में पूर्व में कई बार जनसुनवाई और प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायतें सौंपने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने पंचायत के जिम्मेदार पदाधिकारियों पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि शिकायतों के बावजूद मामले की जांच लंबित है, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। इसी के चलते ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रशासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। चक्का जाम की सूचना मिलते ही तहसीलदार एवं जनपद सीईओ सहित पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उनकी मांगों को सुना और शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त कर दिया, जिससे मार्ग पर आवागमन पुनः सामान्य हो सका। थाना प्रभारी अमरकंटक लाल बहादुर तिवारी ने बताया कि पंचायत में हुए भ्रष्टाचार को लेकर के ग्रामीणों ने चक्का जाम किया था अधिकारियों के आश्वासन के बाद वह मान गए।

# मुख्यमंत्री ने लिंबोदी तालाब पहुंचकर किया श्रमदान, नागरिकों को दिलाई जल संरक्षण की शपथ

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लिंबोदी तालाब के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के कार्यों का किया अवलोकन



इंदौर। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इंदौर के खंडवा रोड़ स्थित करीब 100 वर्ष से अधिक पुराने लिंबोदी तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों के अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने श्रमदान भी किया और नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल हैं तो कल हैं। जल ही जीवन का आधार है। जल के बिना जीवन नीरस है। हम प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण करें और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई करें। जल की एक-एक बूंद बचाएं और जल को सहेजें।

उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहर के प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में तालाबों, कुँओं एवं बावड़ियों का गहरीकरण एवं सफाई की जा रही है। जल संरक्षण के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत गुड़ी-पड़वा से की थी। इस अभियान के तहत अभी तक प्रदेश में 2 लाख से अधिक जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य किये गये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इंदौर शहर में 10 से अधिक बड़े तालाबों तथा 250 से अधिक कुएँ एवं बावड़ियों के संरक्षण का कार्य किया गया है। स्वच्छता में देश और दुनिया में अपनी पहचान स्थापित कर चुका इंदौर अब जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि शहर के तालाबों एवं उससे जुड़े जल मार्गों (चैनलों) पर हुए अतिक्रमणों को हटाने के लिये विशेष अभियान संचालित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिंबोदी तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौदर्यीकरण के कार्यों का अवलोकन किया और श्रमदान किया। साथ ही नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त आशीष पाठक, बबलू शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम में महापौर भार्गव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में शहर के तालाबों, कुँओं और बावड़ियों के संरक्षण, जीर्णोद्धार और विकास के व्यापक कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि अमृत 2.0 के अंतर्गत तालाब संरक्षण एवं विकास हेतु विभिन्न कार्य किये जा रहे है, जिनमें स्टोन बोल्डर पिचिंग, टो-वॉल निर्माण, बंधान पर रैलिंग, इको फ्रेंडली पाथवे, स्टोन बेंच आदि शामिल है। इन परियोजना की लागत करोड़ों में है। उल्लेखनीय है कि 100 वर्ष पूर्व होलकर महाराज ने इंदौर के खंडवा रोड़ स्थित बिलावली तालाब का निर्माण करवाया था।

# राष्ट्रपति मुर्मु का जीवन संघर्ष और कर्तव्य निष्ठा का अनुपम उदाहरण : दुर्गादास उइके

**बैतूल।** केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि ओडिशा के एक छोटे से जनजातीय गांव से निकलकर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भारतीय लोकतंत्र की शक्ति, संविधान की महानता और सामाजिक समरसता की जीवंत मिसाल हैं। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण, सेवा और कर्तव्य निष्ठा का अनुपम उदाहरण है। केन्द्रीय मंत्री उइके गुरुवार को मध्य प्रदेश के बैतूल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण' महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मु ने अपनी कर्मठता, धैर्य और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के बल पर न केवल सर्वोच्च संवैधानिक पद को सुशोभित किया है, अपितु देश की प्रत्येक बेटी, जनजातीय समाज और आम नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत बनी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के बैतूल आगमन से जिले का प्रत्येक जनजातीय परिवार स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उनका नेतृत्व सामाजिक न्याय, संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और राष्ट्र निर्माण के प्रति सभी को प्रेरित करता है।मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक मूल्यों के माध्यम से समाज को उन्नत, संस्कारित एवं सम्मानपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने इस भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त करते हुए संस्था के सभी भाई-बहनों को शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल पटेल ने कहा कि उनका प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था से वर्ष 1995 से आत्मीय जुड़ाव रहा है। नवसारी में उनके निवास के सामने स्थित ब्रह्मकुमारी केंद्र से लेकर माउंट आबू, गांधीनगर सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में उन्हें सहभागी बनने का अवसर प्राप्त हुआ है। संस्था द्वारा आध्यात्मिक जागरण के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य सराहनीय एवं अनुकरणीय है। उन्होंने व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर कहा कि प्रतिदिन कुछ समय ध्यान एवं मेडिटेशन के लिए निकालने से मन को शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक संतुलन प्राप्त होता है। ऐसे आध्यात्मिक अभ्यास व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति और सद्भाव का संचार करते हैं तथा समाज को भी सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मु के बैतूल आगमन पर अनहद संगीत महाविद्यालय बैतूल की 7 सदस्यीय कलाकारों द्वारा आकर्षक और मनमोहक स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रपति ने कलश एवं ध्वज को ब्रह्माकुमारी बहनों को प्रदान कर अध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण महासम्मेलन का शुभारंभ किया। महासम्मेलन में राष्ट्रपति, केन्द्रीय मंत्री उइके और राज्यपाल मंगुभाई पटेल सहित अन्य अतिथियों का राजयोगिनी मंजू दीदी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।



इसके पश्चात राष्ट्रपति ने महासम्मेलन परिसर में बैतूल जिले की सांस्कृतिक झलक और विकास योजनाओं पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने जनजातीय समाज द्वारा प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पादों की सराहना की।

# मप्र पुलिस की अवैध शराब पर प्रभारी कार्रवाई, जून माह में अब तक 2.86 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जून माह में अब तक विभिन्न जिलों में प्रभावी कार्रवाई कर पुलिस ने अवैध शराब, तस्करी में प्रयुक्त वाहन तथा अन्य सामग्री सहित लगभग 2 करोड़ 86 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है।पुलिस मुख्यालय द्वारा गुरुवार को जानकारी दी कि झाबुआ जिले के थांदला, राणापुर एवं झकनावदा चौकी क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 176 पेटियों से अधिक अवैध शराब एवं वाहनों सहित लगभग 47 लाख 71 हजार मूल्य की संपत्ति जब्त की है। वहीं, इंदौर पुलिस एवं इंदौर ग्रामीण पुलिस ने संयोगितागंज, द्वारकापुरी तथा बड़गोंदा क्षेत्रों में कार्रवाई कर अवैध शराब एवं वाहन सहित लगभग 37 लाख 81 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।

इसी प्रकार खरगोन पुलिस ने दो कार्रवाइयों में अवैध शराब, ट्रैक्टर-ट्रॉली, कार एवं अन्य वाहन सहित लगभग 28 लाख 96 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। सागर पुलिस ने सिविल लाइन, बांदरी, जैसीनगर, मालथौन एवं सुरखी थाना क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब, वाहन सहित कुल लगभग 26 लाख 95 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। पन्ना पुलिस ने पवई थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग कार्रवाइयों में 2,484 लीटर से अधिक अवैध शराब, पिकअप वाहन सहित लगभग 22 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है।

बड़वानी पुलिस ने चाचरिया चौकी एवं अंजड़ क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराब एवं वाहन सहित लगभग 15 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है छिंदवाड़ा पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई कर बोलेरो वाहन सहित लगभग 10 लाख 56 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। छतरपुर पुलिस ने ईशानगर, बमीठा, चंदला एवं बक्सवाहा थाना क्षेत्रों में कार्रवाई कर अवैध शराब एवं वाहनों सहित लगभग 10 लाख 20 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। नरसिंहपुर पुलिस ने ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत कार्रवाई कर अवैध शराब, वाहन एवं मोटरसाइकिल सहित लगभग 9 लाख 70 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।सिंगरौली पुलिस ने जियावन एवं सरई क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध शराब, वाहन सहित लगभग 9 लाख 20 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। आलीराजपुर पुलिस ने सोरवा क्षेत्र में कार्रवाई कर अवैध शराब एवं वाहन सहित लगभग 8. लाख 18 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। विदिशा पुलिस ने शमशाबाद क्षेत्र में कार्रवाई कर अवैध शराब एवं कार सहित लगभग 8 लाख 5 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।

सीधी पुलिस ने जमोड़ी क्षेत्र में अवैध शराब से भरी कार जप्त कर लगभग 7 लाख 17 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।उज्जैन पुलिस ने खाचरौद, पंवासा एवं माधवनगर थाना क्षेत्रों में कार्रवाई कर अवैध शराब, वाहन एवं मोबाइल सहित लगभग 6 लाख 12 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।

# किलिमंजारो फतह करने वाली निरीक्षक दीपिका गौतम ने की डीजीपी से सौजन्य भेंट

## अफ्रीका की सर्वोच्च चोटी पर फहराया तिरंगा, मध्य प्रदेश पुलिस का बढ़ाया गौरव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाणा से माउंट किलिमंजारो विजय के उपरांत निरीक्षक दीपिका गौतम ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मकवाणा ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उनकी उपलब्धि की सराहना करते हुए डीजीपी ने कहा कि यह सफलता मध्य प्रदेश पुलिस की महिला अधिकारियों की क्षमता, साहस, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि निरीक्षक दीपिका गौतम ने अपनी उपलब्धि से प्रदेश की महिलाओं, युवाओं तथा पुलिस बल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा दी है।




इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एससीआरबी जयदीप प्रसाद एवं पुलिस महानिरीक्षक एससीआरबी हरिनारायणचारी मिश्र उपस्थित थे।राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी), पुलिस मुख्यालय में पदस्थ इंस्पेक्टर दीपिका गौतम ने 29 मई 2026 को अफ्रीका महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी माउंट किलिमंजारो के गिलमन्स पॉइंट 5685 मीटर पर पहुंचकर तिरंगा एवं मध्य प्रदेश पुलिस का ध्वज फहराया। इस अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहण अभियान में वे भारत की एकमात्र प्रतिभागी थीं। इस उपलब्धि के साथ निरीक्षक दीपिका गौतम मध्य प्रदेश पुलिस की पहली महिला अधिकारी बन गई हैं, जिन्होंने तंजानिया स्थित विश्व प्रसिद्ध पर्वत शिखर पर सफलतापूर्वक फतह कर प्रदेश पुलिस का गौरव बढ़ाया है।

## जनकल्याण शिविर के लिए बस से रवाना हुए कलेक्टर-एसपी, व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में आयोजित जनकल्याण शिविरों की जानकारी लेने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीशकुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी गुरुवार को सारंगपुर विकासखंड के ग्राम बाबल्दा के लिए रवाना हुए। दोनों अधिकारी जिला अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से बस द्वारा जनकल्याण शिविर में शामिल होने के लिए निकले। रवाना होने से पहले अधिकारियों ने शिविर की तैयारियों और विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की जानकारी ली। यात्रा के दौरान भी विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर यह सुनिश्चित किया गया कि शिविर में आने वाले ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उनकी समस्याओं का समय पर समाधान किया जा सके।प्रशासन के अनुसार ग्राम बाबल्दा में आयोजित जनकल्याण शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण, पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ वितरण तथा शासन की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देने पर विशेष जोर रहेगा।

# अधिकारियों का स्वास्थ्य और कार्यकुशलता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : मंत्री पटेल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि हमारे अधिकारी निरंतर भारी दबाव में जनसेवा का कार्य करते हैं, इसलिए उनकी भलाई और मानसिक स्वास्थ्य हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मंत्री पटेल गुरुवार को श्रम विभाग के अधिकारियों के लिए आयोजित 'उच्च-तनाव वाली लोक सेवा भूमिकाओं में बर्नआउट की रोकथाम' विषय पर एक विशेष ऑनलाइन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर तनाव से जुड़े फीडबैक तंत्र को लागू कर विभागीय टीमों की कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा। इस सत्र में राज्य से 79 वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। दिनभर की भागदौड़, लगातार बजते फोन और फाइलों के दबाव से जूझने वाले अधिकारियों की मानसिक सेहत को सुदृढ़ बनाने और कार्यस्थल पर उनके दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से यह सत्र आयोजित किया गया था।आर्डेन विश्वविद्यालय, लंदन की व्याख्याता और स्वास्थ्य मनोविज्ञान विशेषज्ञ मुक्ति सिंह ठाकुर ने सत्र का मुख्य संचालन किया। उन्होंने एक व्यापक वैज्ञानिक अध्ययन का हवाला देते हुए बताया कि अत्यधिक तनाव के साथ-साथ यह मानना कि 'तनाव सेहत बिगाड़ रहा है', मृत्यु के जोखिम को 43 प्रतिशत तक बढ़ा देता है। वहीं, जो लोग तनाव को हानिकारक नहीं मानते, उनमें ऐसा कोई खतरा नहीं देखा गया। सुश्री ठाकुर ने तनाव प्रबंधन का एक बेहद सरल और प्रभावी उपाय साझा किया। उन्होंने कहा कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में उद्वेलित होने से पहले महज 30 सेकंड का ठहराव लें और आस-पास की किसी आम चीज, जैसे छत का पंखा, खिड़की या अपनी आती-जाती सांसों पर ध्यान केंद्रित करें। यह संक्षिप्त ठहराव मस्तिष्क को 'सुरक्षित' होने का गहरा संकेत देता है, जिससे तंत्रिका तंत्र का झूठा अलार्म बंद हो जाता है। लंबी सांस छोड़ने और धीमी सांस लेने की यह प्राणायाम तकनीक दिल को शांत कर रक्तचाप को तुरंत नियंत्रित करती है।

विशेषज्ञ ठाकुर ने कहा कि रोज-रोज की अनियंत्रित तनावपूर्ण प्रतिक्रियाएं शरीर में कोर्टिसोल और एड्रेनालिन जैसे हार्मोन का स्तर बढ़ा देती हैं। यही स्थिति आगे चलकर उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और टाइप-2 मधुमेह (डायबिटीज) जैसी गंभीर बीमारियों की छिपी वजह बनती है। उन्होंने आईसीएमआर-इण्डियाब अध्ययन (2023) का संदर्भ देते हुए बताया कि देश में करीब 10.1 करोड़ लोग मधुमेह से ग्रस्त हैं।

## कलेक्टर ने की नीट (यूजी) परीक्षा-2026 की तैयारियों की समीक्षा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भोपाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में नीट (यूजी) परीक्षा-2026 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग तथा परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया।कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 21 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा के दौरान जिले के सभी 32 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित संचालन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।बैठक में परीक्षा केंद्रों पर दो-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, महिला अभ्यर्थियों के लिए पृथक फ्रिस्किंग व्यवस्था तथा भीड़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने प्रश्न-पत्रों के सुरक्षित परिवहन एवं परीक्षा सामग्री के सुचारु प्रबंधन के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# महिला मोर्चा कार्यकर्ता भाजपा की शक्ति व समाज परिवर्तन की कड़ी : अश्विनी



**सतना।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे के प्रथम सतना आगमन पर जिलेभर में कार्यकताओं ने गुरूवार को उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। नागौद से सतना तक विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. स्वप्ना वर्मा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रियांशा उरमलिया, जिलाध्यक्ष सीमा सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।स्वागत से अभिभूत अश्विनी परांजपे ने महिला कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा महिला मोर्चा महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन की प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा की शक्ति है और समाज परिवर्तन की महत्वपूर्ण कड़ी है। सतना प्रवास के दौरान उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया तथा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की। इसके बाद भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित महिला मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है और इसकी सबसे बड़ी ताकत समर्पित कार्यकर्ता हैं। महिला मोर्चा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

उन्होंने जिला, मंडल और बूथ स्तर की इकाइयों को अधिक सक्रिय बनाने तथा नियमित जनसंपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए अश्विनी परांजपे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जनधन योजना और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार भी महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, युवा विकास और गरीब हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। लाड़ली बहना योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में मंत्री प्रतिमा बागरी, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पांडेय, चित्रकूट प्राधिकरण अध्यक्ष विजय यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार, जिला महामंत्री जय प्रताप गुप्ता सहित महिला मोर्चा की बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## आयशर की टक्कर से पेट्रोल पंप कर्मचारी की मौत, नाइट ड्यूटी से घर लौटते समय हुआ हादसा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के खजूरी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक पेट्रोल पंप कर्मचारी की मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान 30 वर्षीय नितेश यादव, पुत्र अशोक यादव, निवासी आमनाखेड़ी के रूप में हुई है। नितेश भैंसाखेड़ी स्थित एक पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के पद पर कार्यरत था। जानकारी के अनुसार, बुधवार-गुरुवार की रात ड्यूटी पूरी करने के बाद नितेश अपनी बाइक से घर लौट रहा था। सुबह करीब 10:15 बजे खजूरी सड़क स्थित एक मोड़ पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार आयशर वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नितेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद आयशर चालक वाहन लेकर फरार होने का प्रयास कर रहा था, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही खजूरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर थाने ले गई।

# भोपाल में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन, रीना बोरासी का आरोप- भाजपा महिलाओं को आगे बढ़ाने के बजाय विपक्ष की आवाज दबा रही

**भोपाल।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में महिला कांग्रेस ने गुरुवार को राजधानी भोपाल में प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस कार्यकताओं ने भाजपा का पुतला दहन कर विरोध जताया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने के लिए कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। हालांकि रास्ते में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोक दिया, जिसके चलते वे ज्ञापन नहीं सौंप सकीं प्रदर्शन के दौरान मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी ने भाजपा पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का आरोप लगाया।




उन्होंने कहा कि भाजपा न केवल महिलाओं को पर्याप्त अवसर देने में विफल रही है, बल्कि विपक्षी दलों की महिला नेताओं के लिए भी बाधाएं खड़ी कर रही है। बोरासी ने आरोप लगाया कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन बिना किसी ठोस आधार के निरस्त किया गया।रीना बोरासी ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पत्र में किसी प्रकार की कोई कमी या त्रुटि नहीं थी। जिस नोटिस का हवाला देकर नामांकन निरस्त किया गया, उसके संबंध में नामांकन प्रक्रिया में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं था। उन्होंने कहा कि देश में कई जनप्रतिनिधियों और नेताओं के खिलाफ विभिन्न प्रकार के मामले लंबित रहते हैं, इसके बावजूद वे चुनाव लड़ते हैं और सार्वजनिक पदों पर बने रहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को राज्यसभा के लिए इसलिए उम्मीदवार बनाया था ताकि वे महिलाओं और आमजन की आवाज संसद में प्रभावी ढंग से उठा सकें, लेकिन राजनीतिक कारणों से उनके रास्ते में बाधा खड़ी की गई। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह मामला केवल एक उम्मीदवार तक सीमित नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और विपक्ष की भूमिका से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि विपक्षी उम्मीदवारों के नामांकन इस तरह निरस्त किए जाते रहे तो भविष्य में लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर अपना संघर्ष जारी रखेगी।

प्रदेश कांग्रेस महामंत्री एवं प्रवक्ता रोशनी यादव ने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण और नारी सम्मान की बात करती है, लेकिन व्यवहार में उसके कदम इसके विपरीत दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारा, लेकिन उनके साथ अन्याय किया गया।

## नौकरी बहाली की मांग को लेकर हाईटेंशन लाइन पर चढ़ा युवक, पुलिस ने सुरक्षित उतारा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र एमपी नगर में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक युवक शासकीय प्रेस के सामने बिजली के खंभे पर चढ़ गया और हाईटेंशन लाइन के तारों पर चलने लगा। युवक की इस हरकत से मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई और बड़ी संख्या में भीड़ एकत्र हो गई। जानकारी के अनुसार, युवक की पहचान हरदा निवासी 42 वर्षीय श्रवण कुमार के रूप में हुई है। वह करीब पांच वर्ष पहले तक हरदा डाकघर में अस्थायी कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। एक आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के बाद उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं। तब से वह नौकरी में पुनर्बहाली के लिए प्रयासरत था। बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह श्रवण हरदा से भोपाल पहुंचा और एमपी नगर स्थित डाकघर में वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी बहाली की मांग रखना चाहता था। हालांकि अधिकारियों से भेंट नहीं हो सकी। इससे निराश होकर उसने बिजली के खंभे पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। युवक के खंभे पर चढ़ते देख लोगों ने तुरंत पुलिस को खबर दी। पुलिस ने तत्काल बिजली कंपनी से संपर्क कर लाइन चालू नहीं करने के निर्देश दिए। राहत की बात यह रही कि उस समय क्षेत्र में लाइन मेंटेनेंस का कार्य चल रहा था और बिजली आपूर्ति पहले से बंद थी। इसी कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। सूचना मिलते ही एमपी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सबसे पहले सुरक्षा की दृष्टि से भीड़ को दूर हटाया और फिर युवक से लगातार बातचीत कर उसे समझाने का प्रयास किया। करीब 57 मिनट तक चले घटनाक्रम के बाद युवक पुलिस की समझाइश पर नीचे उतरने के लिए तैयार हो गया।

# मप्र के स्कूलों में पढ़ाई जाएगी महाराणा प्रताप की जीवनी, मुख्यमंत्री ने की घोषणा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप की जीवनी अब स्कूलों में पढ़ाई जाएगी। हम महाराणा प्रताप के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने जा रहे हैं। इससे हमारी भावी पीढ़ी महाराणा की वीरता और देशभक्ति से प्रेरणा लेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के अवसर पर भोपाल के महाराणा प्रताप नगर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश देश का इकलौता राज्य है, जिसने महाराणा प्रताप की जयंती पर अवकाश घोषित किया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का जीवन वीरता, शौर्य, पराक्रम, त्याग का प्रतीक है। उनका नाम स्मरण करते ही मन श्रद्धा से भर जाता है। महाराणा प्रताप ने तमाम कठिनाइयों के बीच भी 'राष्ट्र प्रथम' को सर्वोपरि रखा। समाज का हर वर्ग देश की अस्मिता और आत्म सम्मान के लिए महाराणा प्रताप को एक आदर्श व्यक्तित्व के रूप में देखता है।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप सिर्फ. एक राजा नहीं, स्वाभिमान, साहस और राष्ट्रभक्ति के अनुपम प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि साहस और वीरता मनुष्य का आभूषण है। यह पराक्रमी राजा का नैसर्गिक गुण होता है। महाराणा प्रताप वीरता के पर्याय हैं। उन्होंने जीवन में अनेक कष्ट सहे, पर अपने लक्ष्य से कभी भी विचलित नहीं हुए। उनका जीवन आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। सिसोदिया-राजपूत-क्षत्रिय समुदाय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने महान योद्धा महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने समाज के प्रतिभाशाली डाक्टर, युवाओं, खिलाड़ियों और समाजसेवियों को मंच से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड का गठन किया है और आज इसी बोर्ड के माध्यम से यह राज्य स्तरीय कार्यक्रम किया गया है। हमारी सरकार महापुरुषों की विरासत को संरक्षित करते हुए इसे और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सेना और पुलिस बल में युवाओं की भर्ती के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से ₹पार्थ योजना₹ की शुरूआत की है। इसके अंतर्गत तैयारी कर रहे युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रदेश के अधिकांश जिले इस योजना के दायरे में ले लिए गए हैं।



उन्होंने घोषणा की कि क्षत्रिय समाज के सभी युवाओं को भी इसी योजना में पुलिस, सेना और अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए व्यवस्थित प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त इंटर्नशिप की व्यवस्था और समायोजन के लिए भी प्रभावी पहल की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप लोक निर्माण का शेष कार्य तेजी से पूरा कराकर इसका बहुत जल्द लोकार्पण किया जाएगा। म.प्र.पर्यटन विकास निगम और महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड के समन्वय से सरकार महाराणा प्रताप के स्वर्णिम अतीत को दुनिया के सामने लाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया के सभी देशों में अपना अग्रणी स्थान बना रहा है। हमारी सरकार विरासत से विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए भारत के गौरवशाली अतीत को दुनिया के सामने लाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप अद्वितीय वीरता, शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति के प्रेरणा स्त्रोत हैं। आज इस जयंती समारोह में महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड के बैनर तले संपूर्ण क्षत्रिय समाज एक मंच पर आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्यंत बलशाली महाराणा प्रताप का कवच 72 किलो और भाला 80 किलोग्राम वजनी था। यह उनके अद्भुत व्यक्तित्व का परिचायक है। उन्होंने हर युद्ध में महान शौर्य दिखाया। उनके घोड़े ₹चेतक₹ के साथ उनके लगाव की कहानियां सुनकर मन रोमांचित हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमें गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का जो संकल्प दिया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
शुक्रवार, 19 जून 2026
विक्रम संवत्– 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, पंचमी

# अमेरिका–ईरान : जंग खत्म

मध्य पूर्व के युद्ध-ग्रस्त परिदृश्य में एक सकारात्मक मोड़ आया है। अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हस्ताक्षरित मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (MoU) न केवल लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि वैश्विक स्थिरता, ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय शांति के लिए एक नई आशा भी जगाता है। वर्साय के पैलेस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित यह 14-पॉइंट समझौता, पाकिस्तान और अन्य मध्यस्थों की भूमिका के साथ, 100 दिनों से अधिक चले युद्ध का अंत करता है। यह डील स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलती है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। यह समझौता पूर्ण शांति संधि नहीं है, बल्कि 60 दिनों का सीजफायर है, जिसमें आगे परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में छूट और आर्थिक सहायता पर बातचीत होगी। ईरान ने परमाणु हथियार न बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है, जबकि अमेरिका ने तेल निर्यात और फ्रोजन एसेट्स की कुछ राहत देने का रास्ता खोला है। इस डील से मध्य पूर्व में तनाव कम होगा, लेबनान समेत अन्य मोर्चों पर शांति स्थापित होगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था को राहत मिलेगी। तेल की कीमतें पहले ही गिर रही हैं, जो उपभोक्ता देशों के लिए अच्छी खबर है। अमेरिका-ईरान संबंध दशकों से शत्रुतापूर्ण रहे हैं। 1979 की क्रांति, परमाणु समझौते का टूटना, और हालिया प्रत्यक्ष टकराव। ट्रंप प्रशासन की 'मैक्सिमम प्रेशर' नीति और ईरान की क्षेत्रीय गतिविधियां (प्रॉक्सी ग्रुप्स के जरिए) ने युद्ध को निमंत्रण दिया। इस डील में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मध्यस्थता उल्लेखनीय है, जो दर्शाता है कि दक्षिण एशिया भी क्षेत्रीय शांति में भूमिका निभा सकता है। स्विट्जरलैंड में औपचारिक हस्ताक्षर (19 जून) इस प्रक्रिया को और मजबूती देंगे। यह डील सिर्फ युद्धविराम नहीं, बल्कि कूटनीति की जीत है। दोनों पक्षों ने समझौता किया कि आगे की बातचीत से स्थायी शांति संभव है। ईरान को आर्थिक लाभ (तेल बिक्री, फंड) मिलेंगे, तो अमेरिका को परमाणु प्रसार की चिंता कम होगी। इजराइल जैसे सहयोगी देशों की कुछ आशंकाएं बनी रहेंगी, लेकिन समग्र रूप से यह डील स्थिरता लाएगी। भारत के लिए अवसर और सबकः भारत, जो ईरान से तेल आयात करता रहा है और चाबहार पोर्ट जैसे प्रोजेक्ट्स में निवेश किया है, इस शांति से सीधे लाभान्वित होगा। ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी, क्षेत्रीय अस्थिरता कम होगी और 'एक्ट ईस्ट' नीति को नई गति मिल सकती है। भारत ने हमेशा संवाद और कूटनीति का समर्थन किया है—यह डील उस दृष्टिकोण की पुष्टि करती है। हालांकि, चुनौतियां बाकी हैं। 60 दिनों में विश्वसनीय सत्यापन तंत्र, ईरान के यूरेनियम संवर्धन पर नियंत्रण और क्षेत्रीय प्रॉक्सी युद्धों का अंत जरूरी है। विश्वास की कमी और घरेलू राजनीति दोनों पक्षों में बाधा बन सकती है। इजराइल-हिजबुल्लाह जैसे मुद्दे भी जटिल हैं। यह ऐतिहासिक डील दर्शाती है कि सबसे कठिन विरोधियों के बीच भी संवाद संभव है। ट्रंप की 'डील मेकर' छवि और ईरान की व्यावहारिकता ने इसे संभव बनाया। जंग का अंत हमेशा विजय नहीं होता, लेकिन शांति की शुरूआत अवश्य होती है। अब दोनों देशों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस अवसर को स्थायी शांति में बदलना होगा। मध्य पूर्व में नई सुबह की आशा जगाने वाली यह डील वैश्विक कूटनीति के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगी, बशर्ते कि इसे निभाया जाए।

## अब मरहम पट्टी की बारी !



कृष्णेन्द्र राय

त्राहिमाम है दुनिया में ।
मुझको बुलाया ।।
मैं मस्ताना ट्रंप देखो ।
दौड़ा चला आया ।।
होर्मुज और तेल संकट ने ।
मुझको बुलाया ।।
मैं मस्ताना ट्रंप ।
दौड़ा चला आया ।।
किया तबाह दुनिया को मैंने ।
अब मरहम पट्टी की बारी ।।
अब दुनिया को चिट्ठी आई ।
चिट्ठी आई ।।
मैंने अब ये सबको भिजवाया ।
मैं मस्ताना ट्रंप वापस आया ।।

## सूडोकु नवताल- 7830

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -7829 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# बदलते समय के साथ माता-पिता और पुत्र के रिश्ते में आती खटास



संतराम पाण्डेय

**अक्सर समाज में देखने को मिलता है कि अमुक परिवार में मां-बेटे या पिता-पुत्र में लड़ाई हो गई। अक्सर घरों में कलह सुनने व देखने को मिलती है। कहीं-कहीं तो हालात डरावने हो जाते हैं और संतानें वृद्ध माता-पिता पर हाथ तक उठा देते हैं या उनको घर छोड़ने को विवश कर देते हैं। पहले ऐसा नहीं था।**

परिवारों में वृद्ध माता-पिता को पूरा सम्मान दिया जाता था और उनकी बात को मानना संतान आवश्यक समझता था। सवाल है कि क्या स्नेह और सम्मान की बुनियाद पर टिके इस रिश्ते में अचानक क्षरण हो गया? क्या इन रिश्तों में आई खटास के लिए केवल संतान ही जिम्मेदार है या जीवन की अंतिम बेला में पहुंच चुके माता-पिता जिम्मेदार हैं। आज इस विषय पर दोनों पीढ़ियों को मंथन करने की जरूरत है।

मानव समाज की सबसे महत्वपूर्ण इकाई परिवार है और परिवार की सबसे मजबूत नींव माता-पिता तथा संतान के बीच का संबंध होता है। यह रिश्ता केवल रक्त का नहीं, बल्कि संस्कारों, अनुभवों, त्याग और विश्वास का भी होता है। पहले संयुक्त परिवार हुआ करते थे जिसमें सबकी जरूरतें सामूहिक रूप से पूरी की जाती थी। हर किसी की जरूरत के लिए हर कोई जिम्मेदार होता था या परिवार का हर उसे अपनी जिम्मेदारी मानता था। वक्त बदला, तकनीक बदली, प्राथमिकताएं बदलीं, जरूरतें बदलीं तो परिवार का ढांचा भी बदल गया। अब संयुक्त परिवार का स्थान एकल परिवार ने ले लिया है। जहां अपनी समस्याएं-अपनी जिम्मेदारी का सिद्धांत लागू हो गया है।

वक्त के साथ समाज बदलता है, जीवन-शैली बदलती है और विचार बदलते हैं। इसी परिवर्तन का प्रभाव परिवारों पर भी पड़ा है। विशेष रूप से माता-पिता और पुत्र के संबंधों में जो आत्मीयता, सम्मान और अनुशासन पहले दिखाई देता था, वह आज नहीं रह गया है। आज का पुत्र अधिक शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर अवश्य हुआ है, लेकिन कई बार इसी आत्मविश्वास के साथ एक ऐसा अहंकार भी जुड़ जाता है, जो माता-पिता के अनुभव और सलाह को महत्वहीन समझने लगता है। एक वक्त था जब परिवारों में माता-पिता की बात अंतिम निर्णय मानी जाती थी। पुत्र यह नहीं सोचता था कि पिता की बात में कितनी कमियाँ हैं या माँ की सलाह कितनी पुरानी है। परिवार में अनुशासन था, मयार्दा थी और बड़ों के प्रति आदर की भावना थी। यदि पिता कोई निर्देश देते थे, तो उसे आदेश की तरह स्वीकार किया जाता था। पुत्र के मन में यह विश्वास रहता था कि जिन लोगों ने उसे चलना, बोलना और जीवन जीना सिखाया है, वे उसका अहित नहीं सोच सकते। यह आवश्यक नहीं कि उस समय माता-पिता हर विषय में शत-प्रतिशत सही ही होते थे। उनसे भी गलतियाँ होती थीं, लेकिन तब परिवार का आधार तर्क-वितर्क नहीं, बल्कि विश्वास होता था। पुत्र अपने माता-पिता के अनुभव को पुस्तकीय ज्ञान से अधिक महत्व देता था। यही कारण था कि परिवारों में मतभेद तो होते थे, पर मनभेद कम होते थे।

आज का समय भिन्न है। विज्ञान और तकनीक ने दुनिया को बदल दिया है। इंटरनेट और सोशल मीडिया ने सूचनाओं का असीम भंडार युवाओं के सामने खोल दिया है। आज का युवक कुछ ही क्षणों में वह जानकारी प्राप्त कर सकता है, जिसके लिए पहले लोगों को वर्षों का अनुभव अर्जित करना पड़ता था। परिणामस्वरूप नई पीढ़ी को लगता है कि वह जीवन के हर प्रश्न का उत्तर जानती है। आज किसी समस्या का समाधान माता-पिता के पास नहीं गूगल के पास होता है। यहीं से समस्या शुरू होती है। जब माता-पिता किसी विषय पर सलाह देते हैं, तो अनेक पुत्र उनकी बात सुनने के बजाय उसमें कमियाँ ढूँढ़ने लगते हैं। वे कहते हैं—'आप पुराने जमाने की बातें करते हैं', 'आज का समय अलग है', 'आपको वर्तमान परिस्थितियों की समझ नहीं है' या फिर सबसे आम वाक्य—'आप रहने ही दीजिए, हम अपना भला-बुरा समझते हैं।' यह वाक्य सुनने में सामान्य लगता है, लेकिन इसके पीछे एक गहरी मानसिकता छिपी होती है। इसका अर्थ होता है कि अब अनुभव की तुलना में जानकारी को अधिक महत्व दिया जा रहा है। जबकि सच्चाई यह है कि जानकारी और अनुभव दोनों अलग-अलग चीजें हैं। इंटरनेट आपको बता सकता है कि रास्ता कहाँ है, लेकिन उस रास्ते के गड्ढों का अनुभव केवल वह व्यक्ति बता सकता है, जो उस मार्ग पर चल चुका हो।

विडंबना यह है कि जिस पुत्र को बचपन में जूते के फीते बाँधने तक में माता-पिता की सहायता की आवश्यकता होती थी, वही बड़ा होकर जीवन के सबसे कठिन निर्णयों में भी उनकी सलाह को अनावश्यक समझने लगता है। उसे लगता है कि डिग्री, नौकरी और आधुनिक ज्ञान ने उसे इतना सक्षम बना दिया है कि अब उसे किसी मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं है लेकिन जीवन केवल किताबों और मोबाइल स्क्रीन से नहीं चलता; वह अनुभवों, संघर्षों और समय की कसौटी पर खरे उतरे निर्णयों से भी संचालित होता है। इस परिवर्तन के पीछे केवल नई पीढ़ी को दोष देना भी उचित नहीं होगा।

बदलती जीवन-शैली, संयुक्त परिवारों का टूटना, व्यस्तता, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और पीढ़ियों के बीच बढ़ता संवादहीनता का अंतर भी इसके लिए जिम्मेदार है। पहले परिवार के सदस्य साथ बैठते थे, बातचीत करते थे और एक-दूसरे के अनुभव साझा करते थे। आज एक ही घर में रहने वाले लोग भी अपने-अपने मोबाइल की दुनिया में व्यस्त हैं। भावनात्मक दूरी बढ़ती जा रही है।

कई बार माता-पिता भी नई पीढ़ी को समझने में असफल रहते हैं। वे हर नई बात को गलत और हर पुराने तरीके को श्रेष्ठ मान लेते हैं। इससे टकराव बढ़ता है। इसलिए समाधान केवल यह नहीं है कि पुत्र माता-पिता की हर बात आँख मूँदकर मान ले, बल्कि यह है कि दोनों पीढ़ियाँ एक-दूसरे को समझने का प्रयास करें।

पुत्र को यह स्मरण रखना चाहिए कि उसके माता-पिता का अनुभव उसकी सबसे बड़ी पूँजी है। जिन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा संघर्षों में बिताया है, उनकी सलाह को केवल इसलिए नकार देना कि वे आधुनिक तकनीक नहीं जानते, बुद्धिमानी नहीं है। वहीं माता-पिता को भी यह स्वीकार करना चाहिए कि समय बदल चुका है और नई पीढ़ी की चुनौतियाँ अलग हैं।

रिश्तों की मजबूती आदेश और विद्रोह से नहीं, बल्कि सम्मान और संवाद से बनती है। यदि पुत्र माता-पिता की बात ध्यान से सुने और माता-पिता भी उसकी भावनाओं को समझें, तो पीढ़ियों के बीच का अंतर कम हो सकता है। माता-पिता और पुत्र का संबंध कोई कानूनी अनुबंध नहीं, बल्कि भावनाओं का बंधन है। जिस दिन पुत्र यह समझ लेगा कि उसके माता-पिता की सलाह के पीछे अधिकार नहीं, बल्कि प्रेम और चिंता छिपी है, और जिस दिन माता-पिता यह समझ लेंगे कि नई पीढ़ी को मार्गदर्शन के साथ स्वतंत्रता भी चाहिए, उसी दिन यह रिश्ता फिर से अपनी पुरानी गरिमा प्राप्त कर सकेगा।

अक्सर पुत्र की शादी होने के बाद उसकी माता-पिता से दूरी बढ़ने लगती हैं। इसमें भी दोनों पीढ़ियों को समझदारी से आगे बढ़ना चाहिए। समय तो एक दिन में 24 घंटे का ही है। अब उसी में से घर में आई नई सदस्य को भी वक्त देना पड़ता है। इसे माता-पिता को स्वयं से दूरी के रूप में लेने की बजाए, इसे पुत्र की जरूरत समझकर व्यवहार किया जाए तो दूरी की भावना आएगी ही नहीं।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# राशन के इंतजार में ठंडे होते चूल्हे



निशा कुमारी

भारत में खाद्य सुरक्षा केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि करोड़ों गरीब परिवारों के लिए जीवन रेखा है। विशेष रूप से बिहार जैसे राज्यों के ग्रामीण इलाकों में, जहां बड़ी आबादी आज भी दिहाड़ी मजदूरी, कृषि कार्य और असंगठित रोजगार पर निर्भर है, वहां सरकारी राशन की दुकान से मिलने वाला अनाज परिवार के मासिक भोजन की बुनियाद बनता है। जब यही राशन समय पर नहीं मिलता, तो इसका असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को प्रभावित करता है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी प्रखंड स्थित नरौली गांव की स्थिति इस समस्या को बेहद स्पष्ट रूप से सामने लाती है। लगभग 250 से अधिक घरों वाले इस गांव में अनुसूचित जाति और अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी अधिक है। आर्थिक रूप से पिछड़े इस गांव के अधिकांश परिवार दिहाड़ी मजदूरी, खेतिहर काम या छोटे-मोटे स्वरोजगार पर निर्भर हैं। यहां कई परिवार ऐसे हैं जिनकी आय इतनी सीमित है कि महीने का राशन खरीदने के लिए बाजार पर निर्भर रहना उनके लिए संभव नहीं है। सरकारी राशन की दुकान से मिलने वाला अनाज ही उनके घर का चूल्हा जलाता है। लेकिन जब किसी कारणवश राशन वितरण में देरी हो जाती है या एक-दो महीने तक नियमित आपूर्ति नहीं होती, तो परिवारों के सामने भोजन का संकट खड़ा हो जाता है। नरौली गांव की महिलाओं का कहना है कि राशन नहीं मिलने पर उन्हें स्थानीय दुकानदारों से उधार पर अनाज लेना पड़ता है। कई बार दुकानदार भी लंबे समय तक उधार देने से मना कर देते हैं।

ऐसे में परिवारों को भोजन की मात्रा कम करनी पड़ती है। बच्चों के हिस्से का दूध, फल और अन्य पोषक खाद्य पदार्थ सबसे पहले भोजन की थाली से गायब हो जाते हैं। गरीब परिवारों के लिए राशन की देरी केवल भूख का प्रश्न नहीं बल्कि पोषण, स्वास्थ्य और सम्मान का भी प्रश्न बन जाती है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलोग्राम खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है, जबकि अंत्योदय अन्न योजना के तहत परिवारों को प्रति माह 35 किलोग्राम खाद्यान्न मिलता है। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत यह खाद्यान्न वर्तमान में निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। बिहार में कई स्थानों पर प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं और 3 किलोग्राम चावल वितरण की व्यवस्था लागू है। केंद्र सरकार के अनुसार देशभर में लगभग 81.35 करोड़ लोगों का नाम राशन कार्ड में दर्ज है। जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा व्यवस्था के तहत राशन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। हाल ही में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार ने हजारों करोड़ रुपये की नई योजना को भी मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य राशन वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। बिहार देश के उन राज्यों में शामिल है जहां खाद्य सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या सबसे अधिक है। विभिन्न सरकारी आंकड़ों के अनुसार राज्य में लगभग 8.7 करोड़ से अधिक लोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन प्राप्त करते हैं। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा लाभार्थियों के सत्यापन अभियान के दौरान 5.5 लाख से अधिक अपात्र लाभार्थियों के नाम सूची से हटाए गए थे, जिससे यह भी स्पष्ट होता है कि राज्य में राशन प्रणाली का दायरा कितना व्यापक है। ग्रामीण बिहार में राशन वितरण की अनियमितता के कई कारण सामने आते हैं। कभी खाद्यान्न की समय पर ढुलाई नहीं हो पाती, कभी तकनीकी समस्याओं के कारण ई-पॉस मशीनें काम नहीं करतीं, तो कभी प्रशासनिक स्तर पर देरी होती है। देश के विभिन्न हिस्सों से हाल के महीनों में ऐसी खबरें सामने आई हैं जिनमें सर्वर की खराबी, बायोमेट्रिक सत्यापन की समस्याएं और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण लाभार्थियों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ा या कई दिनों तक राशन नहीं मिल सका। नरौली जैसे गांवों में समस्या इसलिए और गंभीर हो जाती है क्योंकि अधिकांश परिवारों के पास बचत नहीं होती। यदि किसी मजदूर को लगातार कुछ दिनों तक काम नहीं मिलता और उसी दौरान राशन वितरण भी बाधित हो जाए, तो परिवार दोहरे संकट में फंस जाता है। कई परिवारों को ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेना पड़ता है। कुछ लोग मजदूरी की तलाश में दूसरे क्षेत्रों की ओर पलायन करने को मजबूर हो जाते हैं। सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं और बच्चों पर पड़ता है, क्योंकि वे अक्सर भोजन की कमी का बोझ सबसे पहले झेलते हैं।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# छपरियों के फास में आधुनिक युवतियां



डॉ. उदय राज मिश्र

आज के आधुनिक, डिजिटल और सूचना संपन्न युग में जहाँ एक ओर शिक्षा,आत्मनिर्भरता और स्त्री-सशक्तिकरण के नए द्वार खुले हैं तथा बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओं अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया के आभासी संसार ने रिश्तों की सच्चाई पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। जिससे आजकल की पढ़ीलिखी और नौकरीशुदा युवतियां भी ऐसे ऐसे कांड करवा रही हैं या फिर स्वयं शिकार हो रही हैं, यह एक चिंता का विषय है। वर्तमान में 'छपरी लड़कों का आकर्षण', जो पढ़ी-लिखी, आत्मनिर्भर और उन्नत सोच की युवतियों को भी अपने जाल में फंसा रहा है एक ज्वलंत सामाजिक और धार्मिक कुकृत्य बनकर उभर रहा है,जिसने समाज के तानेबाने को न केवल मर्माहत अपितु कलंकित भी किया है और कि यह कार्य बदस्तूर जारी भी है। अतः सभ्य समाज सहित आधुनिकता की आग में जलती हुई युवतियों को इसपर खुले दिल और दिमाग से चिंतन करना अपरिहार्य सा है।

यह विडंबना है कि जिन युवतियों से समाज अपेक्षा करता है कि वे विवेकशील, जागरूक और आत्मनिर्णयी हों, वे भी इन सतही दिखावेबाजों के मोहपाश में बँध जाती हैं। यह न केवल व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि सामाजिक चेतना के लिए भी गंभीर चुनौती है। साहिल - मुस्कान और सोनम रघुवंशी - राजा रघुवंशी आदि ऐसे उदाहरण हैं जो यह बताने के लिए काफी हैं कि पढ़ीलिखी आत्मनिर्भर युवतियों में विवाह की अहमियत कमतर होने से केवल भोगविलास और लैंगिक संबंधों को ही तरजीह दी जा रही है। जिससे छपरियों के फांस में लड़कियों के करियर तो तबाह और बर्बाद हो ही रहे हैं, समाज का गला भी फंसता जा रहा है। वस्तुतः 'छपरी' एक उर्दू-हिंदी मिश्रित शब्द है, जो आज के परिप्रेक्ष्य में उन युवकों के लिए प्रयोग होता है जो असली उपलब्धियों के बिना सिर्फ दिखावे, नकली स्टाइल, और 'स्वैग' की नकली चमक के बल पर लड़कियों को आकर्षित करने का प्रयास करते हैं।

रंगीन स्टाइलिश बाल, मोटी चेन, फैंसी बाइक या उसका स्टंट, इंस्टाग्राम रील्स में दिखने वाला नकली 'रॉयल एटीट्यूड', भावनात्मक ड्रामे और तेरे बिन मर जाँवा जैसे संवाद इनकी मुख्य विशेषताएं होती हैं। इनका असलियत से दूर दूर तक कोई वास्ता नहीं होता है। वास्तविक जीवन में ये अत्यंत घटिया जीवनस्तर जीते हैं तथा नशे में बुत भी रहते हैं। साहिल - मुस्कान कांड इसका जीता जागता उदाहरण है।

इंदौर की सोनम रघुवंशी का अपने पति की हत्या करवाना भी इसी तरह का अति गंभीर उदाहरण है। विचारणीय प्रश्न तो यह है कि पढ़ी-लिखी युवतियां, जो उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं,जो विभिन्न पदों पर नियुक्त भी होती हैं, जिनके पास तर्क, विश्लेषण और निर्णय की क्षमता होनी चाहिए – आखिर वे इन छपरी लड़कों के जाल में क्यों फंस जाती हैं? गहराई से विश्लेषण करने पर मालूम होता है कि पढ़ीलिखी आधुनिक युवतियों को छपरियों में अपने पतियों की तुलना में अधिक प्यार दिखता है।जिससे भावनात्मक रिक्तता और सहानुभूति की लालसा जागृत होकर उन्हें उनकी ओर सहज ही आकर्षित करती है। अनेक लड़कियां पढ़ाई और करियर की दौड़ में भावनात्मक तौर पर अकेली पड़ जाती हैं। ऐसे में कोई भी जो ध्यान दे, तारीफ करे, और 'स्पेशल फील' कराए – वह उन्हें आकर्षित करने लगता है। छपरी लड़के इसी मनोविज्ञान का फायदा उठाते हैं। इसके अतिरिक्त फिल्मी प्रेम और रील लाइफ की गहराई का भ्रम उन्हें रीयल लाइफ से दूर ले जाता है। आधुनिक युवतियों को बनावटी चेहरे ज्यादा पसंद आते हैं और छपरी लोग इस कला में महारत हासिल किए होते हैं। देखा जाय तो युवतियां, विशेषकर कॉलेज स्तर की, आजकल सोशल मीडिया के रील्स, वेब सीरीज और फिल्मों के नकली प्रेम में वास्तविकता खोजने लगती हैं। 'बदमाश लड़का, लेकिन मेरे लिए बदल जाएगा' जैसी भावना उन्हें फँसाती है और वे छपरियों पर लट्टू हो जाती हैं। उन्हें लगने लगता है कि इन छपरियों से ही उन्हें दुनियां का वास्तविक प्रेम मिल सकता है। जिससे अपने पतियों को ही वे अपने मार्ग का रोड़ा समझ बैठती हैं तथा उन्हें ठिकाने तक लगाने का उपाय ढूंढने लगती हैं,जैसे कि सोनम रघुवंशी ने राज जैसे छपरी के लिए अपने राजा का हश्र किया। किशोरावस्था में लड़कियों में वीर पूजा की भावना मनोवैज्ञानिक रूप से पाई जाती है। फिल्मों में भी 'आशिक', 'फाइटर', 'प्रोटेक्टिव बॉय' जैसी छवियों को समाज रोमांटिक आदर्श मानता है। पढ़ी-लिखी लड़कियां भी कहीं-न-कहीं इन्हीं मिथकों में पलती हैं और एक रफ एंड टफ लड़के में 'हीरो' ढूंढने लगती हैं। इसके अलावा स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की कृत्रिम नजदीकी, जिसमें की कोविड के बाद आशा के विपरीत वृद्धि देखी गई है, होनी आम बात हो गई है तथा इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म्स ने किसी को जानने-पहचानने का समय ही नहीं छोड़ा।

2 दिन की चैटिंग, 4 कॉल और 1 आई लव यू तथा आई मिस यू– और रिश्ता बन जाता है। छपरी लड़के इस तेजी का लाभ उठाते हैं। प्रायः साथिनियों का प्रभाव और 'ट्रेंडिंग रिलेशनशिप' का दबाव भी सहेलियों को छपरियों से दोस्ती करने हेतु बाध्य करता है। आजकल युवतियां घरों से बाहर निकल कर पढ़ाई, नौकरी, अनुसंधान आदि सबकुछ कर रही हैं। ऐसे में यदि उनकी कोई सहेली अपने पुरुष मित्र के साथ पार्क जाती है, पिकनिक मनाती है,ऐश करती है तो अन्य सहेलियों पर भी ऐसा करने का मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है। आखिर खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता ही है। यही कारण है कि वास्तविकता और हकीकत से अंजान लड़कियां छपरियों के चक्कर में फंस जाती हैं और जब उन्हें अपने किए का पछतावा होने का एहसास होता है तबतक बहुत देर हो चुकी होती है। कई बार सहेलियों के कहने या अपने समूह में अकेली न रहने के दबाव में लड़कियां जल्दबाजी में ऐसे संबंध बना लेती हैं। 'लव स्टोरी होनी चाहिए' की मानसिकता उन्हें विवेकहीन बना देती है। कुछ युवतियां यह सोचकर गलत पुरुषों को अवसर दे देती हैं कि 'हमें भी ट्राई करने का हक है'। परंतु समानता और मूर्खता में महीन रेखा होती है, जो यदि न पहचानी जाए, तो नुकसान तय है। छपरियों के फांस में फंसने का परिणाम केवल धोखा नहीं, सामाजिक और मानसिक संकट,भावनात्मक टूटन, धोखा मिलने पर युवतियां आत्मग्लानि, अवसाद और अविश्वास से घिर जाती हैं। जिससे ध्यान भटकने से पढ़ाई और कैरियर पर असर पड़ता है और कि वासना की आग उन्हें कातिल तक बना देती है। कई बार फोटो/वीडियो वायरल कर ब्लैकमेल किया जाता है। झूठ बोलने, छिपाने के कारण परिवार से संबंध बिगड़ते हैं और सामाजिक तिरस्कार का दंश भी झेलना पड़ता है। पढ़ीलिखी आधुनिक युवतियों को यह समझना चाहिए कि वे केवल किसी के 'प्रेम' से नहीं, बल्कि अपने आत्मबल से सुंदर बनती हैं। यदि वे आत्मचिंतन करके उचित और अनुचित में विभेद करने की शक्ति अपने में विकसित करें तो किसी छपरी की चाल सफल नहीं हो पाएगी। इसके अलावा माता-पिता यदि मित्रवत व्यवहार रखें तो बेटियाँ हर बात साझा करेंगी, और फँसने से बच सकेंगी। इस दिशा में माताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कतिपय मामलों में माताएं सबकुछ जानती हुई भी पिता से कुछ भी शेयर नहीं करती हैं। जिससे एक दिन समस्या विकराल रूप धारण करके बेकाबू हो जाती है। जिससे कई परिवार तहस नहस हो जाते हैं। लड़कियों को जागरूक करने के लिए कॉलेज स्तर पर 'रिलेशनशिप मैनेजमेंट', 'साइबर फ्रॉड', और 'भावनात्मक बुद्धिमत्ता' जैसे विषयों पर भी नियमित कार्यशाला अनिवार्य होनी चाहिए तथा सेंसर बोर्ड को फिल्मों और मीडिया में ऐसी महिलाओं को दिखाने की अनुमति देनी चाहिए जो आत्मनिर्भर, स्पष्ट और विवेकशील हैं – न कि प्रेम में पागल और अर्धनग्न।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष**– योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा।

**वृष**– व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मिथुन**– लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कर्क**– सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी।

**सिंह**– अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कन्या**– आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। बुरी संगति से बचे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है।

**तुला**– कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक**– नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**धनु**– कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा।

**मकर**– भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**कुम्भ**– जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। कार्य सफल होंगे।

**मीन**– मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# किसानों को खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता

## प्रशासन की कड़ी निगरानी से कालाबाजारी पर रोक, 44 सहकारी समितियों में 9,285 मीट्रिक टन उर्वरक और 6,836 क्विंटल बीज का भंडारण

**जशपुर/रायपुर।** खरीफ सीजन के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जशपुर जिले में खाद, बीज एवं कृषि ऋण की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

कृषि एवं सहकारिता विभाग के समन्वित प्रयासों से जिले के आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में कृषि आदानों का पर्याप्त भंडारण किया गया है। साथ ही कालाबाजारी, जमाखोरी और उर्वरकों के अवैध विक्रय पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। उप संचालक कृषि एमआर भगत ने गुरुवार को बताया कि, किसानों को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की अनुशंसाओं के अनुरूप उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, हरी खाद और जैविक विकल्पों को अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है,



जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो सके। विभागीय अमला गांव-गांव पहुंचकर किसानों को वैज्ञानिक खेती और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन संबंधी जानकारी भी दे रहा है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में सहकारी समितियों की संख्या 24 से बढ़ाकर 44 कर दी गई है। इससे किसानों को खाद एवं बीज प्राप्त करने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ रही है और समय तथा परिवहन व्यय दोनों में कमी आई है। वर्तमान में जिले की 44 सहकारी समितियों में 9,285 मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का भंडारण किया गया है। इनमें से 3,681 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है। इसी प्रकार 6,836 क्विंटल धान बीज का भंडारण किया गया है, जिसमें से 1,872 क्विंटल बीज किसानों तक पहुंचाया जा चुका है। आगामी मांग को देखते हुए खाद एवं बीज का भंडारण लगातार बढ़ाया जा रहा है। कृषि ऋण वितरण के क्षेत्र में भी जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सहकारी समितियों के माध्यम से अब तक 10,187 किसानों को कुल 37 करोड़ 79 लाख 12 हजार रुपये का कृषि ऋण उपलब्ध कराया गया है। इसमें 31 करोड़ 33 लाख 08 हजार रुपये नगद तथा 6 करोड़ 46 लाख 04 हजार रुपये वस्तु ऋण के रूप में वितरित किए गए हैं। इस सहायता से किसानों को समय पर कृषि निवेश करने और खेती की लागत वहन करने में मदद मिल रही है।

कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों को खाद, बीज एवं कृषि ऋण की उपलब्धता में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए सभी सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों की नियमित जांच की जा रही है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी लगातार निरीक्षण कर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। विभाग ने किसानों से वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करने, हरी खाद एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी तत्काल प्रशासन को देने की अपील की है, ताकि आवश्यक कार्रवाई समय पर सुनिश्चित की जा सके।



## राज्यपाल रमेन डेका ने किया लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला का आत्मीय स्वागत

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के लोकभवन आगमन पर उनका आत्मीय स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी बिड़ला का स्वागत किया।

## संक्षिप्त समाचार


### सोनहत एनीकट निर्माण के लिए 3.49 करोड़ रुपये स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग ने कोरिया जिले के विकासखंड सोनहत में सोनहत एनीकट निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 49 लाख 48 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इस एनीकट के निर्माण से किसानों द्वारा स्वयं के साधन से लगभग 120 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे रबी और खरीफ फसलों की पैदावार बढ़ने की उम्मीद है। इस योजना का निर्माण कराने के लिए मुख्य अभियंता, हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को स्वीकृति दी गई है। एनीकट के बनने से क्षेत्र में भू-जल संवर्धन होगा। निस्तारी और पेयजल की सुविधा बेहतर होगी। साथ ही आवागमन भी सुगम होगा। किसानों को इसके निर्माण से लगभग 120 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी ।

### ग्राम कांदाड़ी में अज्ञात लोगों ने कई नावों को क्षतिग्रस्त कर पानी में डुबोई

**कांकेर।** जिले के कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम कांदाड़ी में कुछ शरारती तत्वों द्वारा बरसात के मौसम में जहां ग्रामीणों के लिए नाव जीवनरक्षक साधन साबित होती हैं, इन्हीं नावों को नुकसान पहुंचाए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि अज्ञात लोगों ने कई नावों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जबकि कुछ नावों को सितरम नदी के लगभग 350 फीट गहरे चमत्कारी कुंड में डुबो दिया गया है। इस घटना ने न केवल ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है, बल्कि आने वाले मानसून में आवागमन और आपातकालीन सेवाओं को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों की पहचान करने, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा नावों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो मानसून के दौरान स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। कंदाड़ी ग्राम के ग्रामीण प्रभु जाड़े, सुंदर लाल और मंगल सिंह ने आज गुरूवार को बताया कि गांव में नाव केवल परिवहन का साधन नहीं हैं। बल्कि लोगों की जरूरत और मजबूरी दोनों हैं। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व लगातार नावों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को आर्थिक और सामाजिक दोनों प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण अजय पद्दा और बैजू राम पद्दा ने बताया कि एक 18 फीट लंबी नाव तैयार करने में कई महीनों की मेहनत, कुशल कारीगरी और काफी खर्च लगता है। इसके बावजूद यदि नावों को जानबूझकर नुकसान पहुंचाया जाए तो यह पूरे गांव के लिए बड़ी समस्या बन जाती है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को होगा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय में स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक भीमा तालाब स्थित जाज्वल्य देव द्वार के समीप आयोजित होगा।

कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से नागरिकों को योग के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपते हुए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

# ट्रक चालक पर जानलेवा हमला, लूटपाट का विरोध करने पर धारदार हथियार से किया वार

**कोरबा।** कोरबा शहर में एक ट्रक चालक पर लूटपाट की कोशिश के दौरान जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के इमलीडुग्गु मुख्य मार्ग की है, जहां लूटपाट का विरोध करने पर दो अज्ञात युवकों ने चालक पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल चालक को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।




पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कुसमुंडा निवासी ट्रक चालक जयप्रकाश बुधवार रात अडानी पावर प्लांट की ओर जा रहा था। इसी दौरान तकनीकी खराबी के कारण उसका ट्रक इमलीडुग्गु मुख्य मार्ग पर बंद हो गया। ट्रक खराब होने के बाद उसने वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इसी बीच रात के समय दो युवक वहां पहुंचे और चालक से पैसों की मांग करने लगे। बताया जा रहा है कि जयप्रकाश द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर दोनों आरोपितों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ने पर चालक अपनी जान बचाने के लिए मौके से भागने लगा, लेकिन हमलावरों ने उसका पीछा किया और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। खून से लथपथ हालत में जयप्रकाश किसी तरह पास स्थित एक मकान तक पहुंचा और वहां शरण ली। घर में मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल चालक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल कोरबा पहुंचाया। अस्पताल में उपचार कर रहे चिकित्सकों के अनुसार घायल के सिर पर 8 टांके तथा पैर पर 2 टांके लगाए गए हैं। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है और डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ लूटपाट के प्रयास और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। इस घटना ने राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख मार्गों पर ट्रक चालकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों और ट्रक चालकों ने रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा है कि आरोपितों की जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से भी अपील की है कि रात के समय वाहन सुरक्षित स्थानों पर खड़े करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# कोतवाली थाने का निरीक्षण, एसपी ने पुलिसिंग व्यवस्था का लिया जायजा

**जांजगीर-चांपा।** जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को कोतवाली जांजगीर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों के संधारण, सीसीटीएनएस व्यवस्था, मालखाना, शस्त्रागार, लंबित प्रकरणों और अपराध नियंत्रण संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।



निरीक्षण की शुरूआत परेड से की गई, जहां एसपी ने थाना स्टाफ की कार्यकुशलता और पुलिसिंग संबंधी जानकारी का परीक्षण किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से थाना क्षेत्र के गुंडा, निगरानीशुदा एवं आदतन बदमाशों की गतिविधियों, लंबित मामलों और क्षेत्र में संचालित आपराधिक गतिविधियों के बारे में सवाल पूछे। संतोषजनक उत्तर देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने गुंडा और निगरानी बदमाशों के रिकॉर्ड की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आदतन अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाए और उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही अवैध शराब, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई करने तथा रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम) व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ऑपरेटर से डेटा एंट्री और रिकॉर्ड अपडेट की जानकारी लेते हुए कहा कि डिजिटल पुलिसिंग के इस महत्वपूर्ण सिस्टम में किसी भी प्रकार की लंबित प्रविष्टि नहीं होनी चाहिए।

एफआईआर दर्ज होने से लेकर चालान प्रस्तुत करने तक प्रत्येक कार्रवाई समय पर ऑनलाइन अपडेट हो, जिससे निगरानी और पारदर्शिता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान एसपी पाण्डेय ने कहा कि जनता का विश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को आम नागरिकों के साथ संवेदनशील, मित्रवत और सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष कार्रवाई और बेहतर पुलिसिंग के माध्यम से ही आमजन का भरोसा मजबूत किया जा सकता है। अपराध विवेचना की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी विवेचकों से लंबित मामलों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने गंभीर, संवेदनशील और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक मामले में वैज्ञानिक और विधिसम्मत तरीके से साक्ष्य संकलित किए जाएं। फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, महिलाओं, बच्चों एवं कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने तथा न्यायालयीन कार्रवाई को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने थाना स्टाफ को निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा महिला अपराधों से जुड़े मामलों में त्वरित एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण विवेचना से ही अपराध नियंत्रण और जनता का विश्वास दोनों मजबूत होंगे।

## पर्यटकों के लिए एक अक्टूबर तक बंद हुआ कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान

**जगदलपुर।** मानसून की दस्तक के साथ ही बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, कोटमसर गुफा को पर्यटकों के लिए अस्थाई रूप से एक अक्टूबर तक के लिए बंद कर दिया है। प्रशासन ने लगातार बारिश, उफनते नालों और भूस्खलन (लैंडस्लाइड) की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन के अनुसार, बारिश के दौरान जंगल क्षेत्र में सुरक्षा जोखिम काफी बढ़ जाता है। लगातार बारिश के कारण सड़कें फिसलन भरी हो जाती हैं, कई नाले उफान पर आ जाते हैं और पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की संभावना बनी रहती है। ऐसे में पर्यटकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है।

निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर ने गुरुवार को बताया कि बंद अवधि के दौरान उद्यान के अधिकांश हिस्सों में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और नियमित पर्यटन गतिविधियों का संचालन नहीं किया जाएगा। कोटमसर गुफा बंद रहेगी। हालांकि तीरथगढ़ जल प्रपात देखने पर्यटक जा सकेंगे। पर्यटकों से अपील की गई है कि वे प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश करने का प्रयास न करें और प्रशासन की तरफ से जारी गाइडलाइन का पालन करें। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान बस्तर की पहचान माने जाने वाले प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है। प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता, गुफाएं, झरने और घने जंगल हर साल बड़ी संख्या में देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। बरसात के मौसम में कई स्थानों तक पहुंचना जोखिमपूर्ण हो जाता है, जिसके चलते हर साल एहतियातन उद्यान को कुछ महीनों के लिए बंद रखा जाता है।

## बादल आसना में संगीत, नृत्य व चित्रकला के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू




**जगदलपुर।** बस्तर एकेडमी ऑफ डांस, आर्ट एंड लिटरेचर (बादल), आसना ने सत्र 2026-27 के लिए अपने विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। संगीत, नृत्य और चित्रकला के क्षेत्र में करियर बनाने या अपनी कला को नई पहचान देने की चाह रखने वालों के लिए यह सुनहरा अवसर है।


इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से मान्यता प्राप्त बादल एकेडमी पिछले चार वर्षों से बस्तर अंचल के युवाओं और कला प्रेमियों को व्यवस्थित प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। संस्था से अब तक सैकड़ों कलाकार लाभान्वित हो चुके हैं, जिनमें कई युवा विभिन्न सांस्कृतिक मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। बादल एकेडमी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां प्रवेश के लिए किसी प्रकार की आयु सीमा नहीं रखी गई है। संस्था का मानना है कि कला सीखने की कोई उम्र नहीं होती। यही वजह है कि यहां स्कूली विद्यार्थियों से लेकर नौकरी पेशा युवा और वरिष्ठ नागरिक तक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रबंधन के अनुसार कत्थक, शास्त्रीय गायन और तबला वादन पाठ्यक्रमों के लिए न्यूनतम योग्यता चौथी कक्षा, लोक संगीत एवं सुगम संगीत के लिए आठवीं कक्षा तथा चित्रकला डिप्लोमा और योग सर्टिफिकेट कोर्स के लिए बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कक्षाएं शुक्रवार एवं शनिवार की शाम तथा रविवार सुबह 11 बजे से संचालित की जाती हैं। संस्था इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से मान्यता प्राप्त है। यहां लोक संगीत, छत्तीसगढ़ी लोक संगीत, सुगम संगीत, शास्त्रीय हिंदुस्तानी गायन, कत्थक नृत्य, तबला वादन और चित्रकला जैसे पाठ्यक्रम हैं। नए सत्र में इन कोर्सों में दिया जा रहा है एडमिशन संस्था में इस वर्ष दो वर्षीय लोक संगीत डिप्लोमा, एक वर्षीय छत्तीसगढ़ी लोक संगीत डिप्लोमा, दो वर्षीय सुगम संगीत (गीतांजली) डिप्लोमा, दो वर्षीय आर्ट एप्रिसिएशन (चित्रकला) डिप्लोमा, शास्त्रीय हिंदुस्तानी गायन, शास्त्रीय कत्थक नृत्य तथा शास्त्रीय तबला वादन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को कला की बुनियादी समझ के साथ-साथ मंचीय प्रस्तुति और व्यावसायिक अवसरों की जानकारी भी दी जाती है।

# मिनगाछल नदी से अवैध रेत उत्खनन कर रहे छह वाहन जब्त

**बीजापुर।** जिले के नैमेड क्षेत्र में मिनगाछल नदी में बीती रात 1:30 बजे अंधेरे में भारी मशीनों की मदद से अवैध रेत उत्खनन की जा रही थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस और खनिज विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक पोकलेन मशीन, एक जेसीबी सहित छह वाहनों को जब्त किया है, मामले की जांच जारी है।

प्रदेश में 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लागू है। इसके बावजूद बारिश के मौसम में भारी मशीनों से नदी से रेत निकालने का काम जारी था। स्थानीय स्तर पर लंबे समय से अवैध उत्खनन की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में प्रतिबंध के दौरान इस तरह की गतिविधियों ने खनिज विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मिनगाछल नदी में चैन माउंटिंग मशीन, पोकलेन और जेसीबी की मदद से बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। रेत माफिया रातभर नदी से रेत निकालकर उसे वाहनों के जरिए अलग-अलग स्थानों पर डंप कर रहे थे। मामले की सूचना मिलते ही कांग्रेस के बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी के साथ पुलिस और खनिज विभाग की





संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इस दौरान एक पोकलेन मशीन, एक जेसीबी और चार वाहनों को जब्त किया गया। अधिकारियों ने मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। जब्त वाहनों और मशीनों के मालिकों की जानकारी जुटाई जा रही है।

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी-नालों से रेत उत्खनन प्रतिबंधित रहता है। इसके बावजूद रात के अंधेरे में खुलेआम मशीनें चलना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े स्तर पर हो रहे इस अवैध कारोबार की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

बीजापुर और आस-पास के इलाकों में अवैध रेत उत्खनन को लेकर पहले भी कई बार शिकायतें सामने आ चुकी हैं। बारिश के मौसम में खनन पर रोक के बावजूद मशीनों के जरिए रेत निकालने की घटनाएं सामने आने से प्रशासन की कार्रवाई और निगरानी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल पुलिस और खनिज विभाग पूरे मामले की जांच में जुटे हैं और दोषियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय नदी में मशीनें उतरना आम बात हो गई है, लेकिन इस बार जनप्रतिनिधि के मौके पर पहुंचने से मामला उजागर हो गया।

## महापौर रामू रोहरा पहुंचे डबरीपारा, जलभराव और सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**धमतरी।** शहर में स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से महापौर जगदीश रामू रोहरा ने गुरुवार को रामपुर स्थित डबरीपारा क्षेत्र का निरीक्षण कर वहां की समस्याओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में जलभराव, नालियों की स्थिति तथा साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए पानी निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा नालियों की नियमित सफाई कर जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से महापौर को अवगत कराया। महापौर रोहरा ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित धमतरी के निर्माण हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक : कैलाश नाथ द्वारा शिवम पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनरीज इण्डस्ट्रीज- 157प्रेस भवन,मधुबन विहार (झरनेश्वर सोसायटी) ,वार्ड-85, होशंगाबाद रोड, भोपाल म.प्र.462047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : सुशील कुमार त्रिपाठी , Mobile-91- 9893982060, Email- mptmnp@gmail.com , website:tarunmitra.in , RNI : MPHIN/2021/79825 ; "इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद भोपाल न्यायालय के अधीन होंगे।

# कृषक लाभार्थियों को बांटे गए कृषि यंत्र, जनप्रतिनिधियों के हाथों चाभी पाकर किसानों के खिले चेहरे

## केंद्र सरकार के 12 साल पूर्ण होने के अवसर पर विकास प्रदर्शनी व प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन



ललितपुर, 18 जून (तरुणमित्र)। केंद्र सरकार के 12 साल पूर्ण होने के अवसर पर 'विकास प्रदर्शनी एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला' का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वाधान में राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में किया गया, जिसके लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में सभी तैयारियां पूर्व से ही पूर्ण कर ली गई थीं।

कार्यक्रम में श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, विधायक सदर रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन,सदस्या उप्र राज्य महिला आयोग अर्चना पटेल, सांसद प्रतिनिधि अनिल पटेरिया, जिला महामंत्री गौरव गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामई उपस्थिति रही, सभी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। सभी अतिथियों ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम की श्रंखला में सभी जनप्रतिनिधियों ने सूचना विभाग व कृषि विभाग द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी व प्रचार साहित्य वितरण स्टॉल का अवलोकन किया गया व प्रशंसा की गई। सैकड़ों की संख्या में आमजनों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित निःशुल्क प्रचार साहित्य वितरित किया गया। साथ ही मौके पर सूचना विभाग द्वारा एलईडी वैन के माध्यम से योजनाओं, नीतियों व उपलब्धियों का प्रचार प्रसार कराया गया। इसी क्रम में अतिथियों के स्वागत में बुंदेली लोक कलाकारों ने बुंदेली राई एवं सैरा की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके उपरान्त अतिथियों ने अपने-अपने सम्बोधन में सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार प्रकट किये। श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री ने आने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने जो काम करके दिखाया है ऐसा काम किसी सरकार ने नहीं किया है। इन 12 सालों में देश के गरीब, मजदूर, किसान और जवान के परिवारों को अनेकों कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाने का काम किया है, आज सरकार द्वारा भेजा गया पूरा का पूरा पैसा लाभार्थी के खाते में पहुंचता है। ये सिर्फ इसी सरकार में संभव हो सका है। सदर विधायक ने अपने संबोधन में सरकार के कार्यकाल में जनपद में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी, उन्होंने बल्क ड्रग फार्मा पार्क, मेडिकल कॉलेज, हवाई अड्डा, शहजाद नदी पर पुल का निर्माण, शहर की में सड़क का चौड़ीकरण, रेलवे ओवर ब्रिज, बयाना नाला का पुल, सहित 40 माध्यमिक विद्यालयों का निर्माण सहित जनपद की कई बड़ी सड़कों का निर्माण कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अगर किसी गरीब की जमीन पर कोई माफिया कब्जा करेगा तो उसे ठीक करने के लिए बाबाजी का बुलडोजर भी चलेगा। सदस्या, उप्र राज्य महिला आयोग ने अपने संबोधन में आधी आबादी, मात्र शक्ति का आह्वान करते हुए विकसित भारत और विकसित राष्ट्र में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में उपस्थित बांदा के कृषक संगठन के प्रतिनिधि ने खेती के वैज्ञानिक तरीकों पर चर्चा की। इसके उपरान्त जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को कृषि यंत्र, ट्रेक्टर आदि की डेमो चाभी एवं प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया और उन्हें प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी एवं कृषक बंधु उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संभावित ललितपुर दौरा कल, प्रशासन अलर्ट मोड पर

ललितपुर, 18 जून (तरुणमित्र)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 20 जून को ललितपुर आगमन की संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। मुख्यमंत्री की प्रस्तावित जनसभा तुवन मैदान में आयोजित किए जाने की तैयारी चल रही है, जिसके चलते प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को देखते हुए तुवन मैदान में चल रहे मेले को निर्धारित अवधि से पहले हटवा दिया गया है। मेले की अनुमति 25 जून तक थी, लेकिन जनसभा की तैयारियों के मद्देनजर मैदान को खाली कराया गया है ताकि सभा स्थल की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से की जा सकें। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तुवन मैदान पहुंचकर स्थल का जायजा लिया। अधिकारियों ने सभा स्थल पर सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, पेयजल, विद्युत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए शहर में भी मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य प्रशासनिक गतिविधियां दिखाई देने लगी हैं। प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएंगी। हालांकि मुख्यमंत्री के दौरे का अंतिम कार्यक्रम अभी आधिकारिक रूप से जारी नहीं हुआ है, लेकिन संभावित आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

# साइबर अपराधों पर शिकंजा कसने को महोबा पुलिस की पहल



महोबा, 18 जून (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम और शिकायतों के प्रभावी निस्तारण को लेकर पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में विशेष साइबर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ एवं साइबर प्रभारी अनुरुद्ध सिंह द्वारा किया गया, जिसमें जनपद के सभी थानों के साइबर सेल प्रभारियों एवं संबंधित पुलिस कर्मियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में साइबर अपराधों की लगातार बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी तथा डिजिटल अपराधों की पहचान एवं उनसे निपटने के प्रभावी उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही एनसीआरपी पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक तकनीकी और प्रक्रियात्मक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध सिंह ने उपस्थित पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि साइबर अपराध से संबंधित मामलों में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाने के लिए पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।

इसके अलावा आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जनजागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए।

## चार माह से अधूरी पड़ी पुलिया: सरिया बांधकर गायब हुई कार्यदायी संस्था

हमीरपुर, 18 जून (तरुणमित्र)। सुमेरपुर ब्लॉक के इंगोहटा-छानी मार्ग पर निमार्णाधीन पुलिया का काम चार माह बाद भी पूरा नहीं हो सका है। पुलिया में छत डालने के लिए सरिया बांधने के बाद कार्यदायी संस्था के कर्मचारी मौके से नदारद हो गए हैं, जिससे क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी है। इंगोहटा-छानी मार्ग के किलोमीटर संख्या दो और तीन के बीच स्थित इस पुलिया का निर्माण प्रांतीय निर्माण खंड द्वारा कराया जा रहा है। यह मार्ग स्टेट हाईवे को नेशनल हाईवे से जोड़ता है और प्रतिदिन करीब दो दर्जन ग्राम पंचायतों के लोगों का आवागमन इसी रास्ते से होता है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# पूर्व से सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने फूंका बिगुल



बांदा, 18 जून (तरुणमित्र)। टीईटी लागू होने के पूर्व से सेवारत शिक्षकों पर अब जबरन टीईटी अनिवार्यता थोपने के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर जिला मुख्यालय जिलाधिकारी कार्यालय में एकत्र होकर प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी बांदा को सौंपा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 एवं पुनर्विचार याचिका में 29 मई 2026 को दिए गए निर्णय से देश के लगभग 30 लाख शिक्षकों में गहरी चिंता, पीड़ा एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त है। इन सभी शिक्षकों का भविष्य अंधकार में है। भारतीय विधिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था का यह स्थापित सिद्धांत है कि कोई भी नियम, अधिसूचना अथवा नीति सामान्यतः उसके प्रवर्तन की तिथि से प्रभावी होती है ना कि पूर्व की तिथि से। पूर्व में विधिवत संपन्न नियुक्तियों तथा अर्जित सेवा अधिकारों पर बाद में निर्मित पात्रता मानदंडों को लागू करना प्राकृतिक न्याय, समानता तथा विधिक निश्चितता के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सदैव शिक्षक शिक्षा और समाज के हितों को लेकर के काम करता है। वर्तमान समय में शिक्षकों पर टीईटी थोप कर एक गंभीर समस्या उत्पन्न की गई है इसके निराकरण हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने निराकरण होने तक आंदोलन की रणनीति बनाई है। आंदोलन के प्रथम चरण में देशभर के समस्त जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं संबंधित प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा जा रहा है। तत्पश्चात यदि मांगे पूरी नहीं होती है तो राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा सड़क से लेकर सदन तक भरने का काम किया जाएगा परंतु किसी भी शिक्षक की नौकरी पर आँच नहीं आने दी जाएगी। आंदोलन के प्रथम चरण के क्रम में आज 18 जून 2026 को दोपहर 3रू30 बजे जिलाधिकारी कार्यालय पर सैकड़ो शिक्षकों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से भेज कर यह मांग की गई है कि भारत सरकार संवेदनशीलता दूरदर्शिता एवं न्यायपूर्ण दृष्टिकोण का परिचय देते हुए संसद में उपयुक्त विधायी संशोधन अथवा विशेष प्रावधान लाकर शिक्षकों को स्थाई राहत प्रदान करे। ज्ञापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के समस्त जिला एवं ब्लाक पदाधिकारियों सहित सैकड़ो शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपदस्तरीय कार्यशाला आयोजित



चित्रकूट, 18 जून (तरुणमित्र)। कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा के वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों तथा प्राकृतिक खेती से जुडे प्रगतिशील किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती करने के तरीके बताएं गये तथा कृषि उन्नति तकनीकी के बारे में जानकारी दी गयी। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज दिनांक 18 जून 2026 को समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जनपद स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला, किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी, चित्रकूट डीपी पाल की अध्यक्षता में किया गया। लाइव डेमो के माध्यम से प्राकृतिक खेती करने के बारे में कृषकों की जानकारी दी गयी। अभियान के साथ समन्वय स्थापित करते हुये विकसित कृषि संकल्प एवं खेत बचाओं अभियान, पोर्टल पर कृषकों का पंजीकरण एवं फार्मर रजिस्ट्री भी कैम्प लगाकर बनायी गयी। उप कृषि निदेशक चित्रकूट जीत लाल गुप्ता ने बताया कि केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज दिनांक 18 जून 2026 को समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जनपद स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला, किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी, चित्रकूट डीपी पाल की अध्यक्षता में किया गया। लाइव डेमो के माध्यम से प्राकृतिक खेती करने के बारे में कृषकों की जानकारी दी गयी।

अभियान के साथ समन्वय स्थापित करते हुये विकसित कृषि संकल्प एवं खेत बचाओं अभियान, पोर्टल पर कृषकों का पंजीकरण एवं फार्मर रजिस्ट्री भी कैम्प लगाकर बनायी गयी। उप कृषि निदेशक चित्रकूट जीत लाल गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री के एतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में. सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के तहत जनपद में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय रामायण मेला, चित्रकूट में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा के वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों तथा प्राकृतिक खेती से जुडे प्रगतिशील किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती करने के तरीके बताएं गये तथा कृषि उन्नति तकनीकी के बारे में जानकारी दी गयी। कृषि वैज्ञानिक डा. दिपेश भारत मिश्रा द्वारा पशुओं से सम्बन्धित रोग एवं बचाव तथा उच्च गुणवत्ता वाली नस्लों के बारे में जानकारी दी गयी, पशु चिकित्साधिकारी डा. पंकज सिंह द्वारा पशुपालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## 8 साल बाद मिला इंसाफ, सामूहिक दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद

हमीरपुर, 18 जून (तरुणमित्र)। कुरारा थाना में वर्ष 2018 में दर्ज सामूहिक दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मामले में विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, हमीरपुर ने दोनों दोषियों को कठोर सजा सुनाई है। न्यायालय ने मुख्य अभियुक्त कोमल सिंह को आजीवन कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं मामले में दोषसिद्ध बाल अपचारी को 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। मामला 21 जून 2018 को थाना कुरारा में धारा के तहत दर्ज किया गया था। अभियोजन के अनुसार दोनों आरोपियों ने एक नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था तथा उसे धमकी दी थी। पुलिस मुख्यालय के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत मामले को चिन्हित कर हमीरपुर पुलिस ने अभियोजन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी पैरवी की।

# कर्मचारियों व मजदूरों की समस्याओं को लेकर भारतीय मजदूर संघ का 20 सूत्रीय ज्ञापन, समाधान की उठाई मांग



महोबा, 18 जून (तरुणमित्र)। भारतीय मजदूर संघ ने कर्मचारियों, श्रमिकों और असंगठित क्षेत्र से जुड़े कामगारों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर गुरुवार 18 जून 2026 को जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं संबंधित अधिकारियों को संबोधित 20 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। संगठन ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ एक राष्ट्रवादी संगठन है, जो पारस्परिक सहयोग और श्रमिक हितों की रक्षा के लिए कार्य करता है।

ज्ञापन में कहा गया कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी उपेक्षा के कारण मजदूर और कर्मचारी वर्ग गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकताओं को शासन द्वारा निर्धारित मानदेय का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है, वहीं आशा एवं आशा संगिनी बहनों के साथ भी अन्याय हो रहा है। संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मियों को समय पर वेतन नहीं मिलता तथा उनके लिए स्पष्ट सेवा नियमावली भी नहीं बनाई गई है, जिससे नौकरी जाने का भय हमेशा बना रहता है। भारतीय मजदूर संघ ने आरोप लगाया कि सफाई कर्मचारियों से बिना सुरक्षा उपकरणों के काम कराया जा रहा है और उन्हें उचित वेतन भी नहीं दिया जा रहा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारियों को बीमा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा बजट उपलब्ध कराए जाने के बावजूद उसका लाभ अब तक नहीं दिया गया है। स्थानांतरण का भय दिखाकर कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है तथा वेतन विसंगतियों का भी समाधान नहीं किया गया है।ज्ञापन में 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं से बर्खास्त कर्मचारियों की पुनर्बहाली की मांग उठाते हुए कहा गया कि वार्ता के बाद भी उन्हें वापस नहीं लिया गया।

# किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने का दिया संदेश

कन्नौज, 18 जून (तरुणमित्र)। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सामूहिक रूप से किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा कि प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता है। इसका उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य, मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे रासायनिक खेती के स्थान पर प्राकृतिक खेती को अपनाने का संकल्प लें तथा अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करने में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं, जिनका लाभ किसानों तक निरंतर पहुंच रहा है।

अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से जहां भूमि की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, वहीं मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना आवश्यक हो गया है। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाकर सूखा, अनियमित वर्षा, भूमि क्षरण एवं पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याओं से काफी हद तक निपटा जा सकता है। उन्होंने किसानों से फसल चक्र अपनाने, मोटे अनाज (श्री अन्न) की खेती को प्रोत्साहित करने, जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देने, सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों का उपयोग करने तथा फसल अवशेषों को न जलाने का आह्वान किया।

# प्रभारी मंत्री ने किया विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

हमीरपुर , 18 जून (तरुणमित्र)। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अंबेडकर पार्क में सूचना विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने फीता काटकर किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी ली। प्रदर्शनी में स्थापित 'सेल्फी विद पीएम' प्वाइंट पर भी उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन के साथ सहभागिता की। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित प्राकृतिक एवं प्रगतिशील खेती कार्यशाला में किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति तथा मानव स्वास्थ्य प्रभावित होता है। प्राकृतिक खेती कम लागत, टिकाऊ और पर्यावरण हितैषी विकल्प है, जिससे किसान आय बढ़ाने के साथ भूमि की गुणवत्ता भी सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने किसानों से पराली न जलाने, मृदा परीक्षण कराने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने की अपील की। कार्यक्रम में सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, यूपी कोऑपरेटिव के उपसभापति बृज किशोर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती शकुंतला निषाद, नगर पालिका परिषद हमीरपुर के अध्यक्ष कुलदीप निषाद, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, जिलाधिकारी अभिषेक गोयल, मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार, जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार, विभिन्न विभागों के अधिकारी, प्रगतिशील किसान, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से युवती की मौत

हमीरपुर, 18 जून (तरुणमित्र)। बिंवार कस्बे में 20 वर्षीय युवती की इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों ने कथित चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों ने युवती का शव डॉक्टर के घर के बाहर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जल्ला डेरा निवासी मुन्ना प्रजापति की पुत्री गुड़िया उर्फ शिवानी की तबीयत 16 जून को खराब हो गई थी। परिजनों के अनुसार उसका उपचार बिंवार कस्बे में कराया गया था। बुधवार तड़के करीब 3 बजे तबीयत दोबारा बिगड़ने पर उसे फिर उपचार दिलाया गया और बाद में सीएचसी छानी ले जाया गया। वहां से जिला अस्पताल हमीरपुर से कानपुर रेफर किया गया,। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन लगाने के बाद युवती की हालत बिगड़ी थी। मृतका की शादी आगामी 6 जुलाई को तय थी। घटना से परिवार में मातम पसरा है।बिंवार पुलिस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है।

# 2 और 3 मुहर्रमः कर्बला में सब्र, सत्य व इंसाफ की दास्तान

## मौलाना आमिर मियां सफवी मिस्बाही के हवाले से कर्बला का बयान



फतेहपुर, 18 जून (तरुणमित्र)। इस्लामी वर्ष के प्रथम महीने मुहर्रम की 2 और 3 तारीख कर्बला के इतिहास में विशेष महत्व रखती हैं। इन्हीं दिनों हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का काफि ला कर्बला की सरजमीं पर पहुँचा और यजीदी फौज द्वारा उन पर पाबंदियों का दौर शुरू हुआ।

इस संबंध में इस्लामी विद्वान मौलाना आमिर मियां सफवी मिस्बाही ने बताया कि 2 मुहर्रम 61 हिजरी को हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम अपने अहले-बैत और वफादार साथियों के साथ इराक के कर्बला मैदान में पहुँचे थे। यहाँ यजीद के प्रतिनिधि उबैदुल्लाह बिन ज़ियाद के आदेश पर हुर बिन यजीद की टुकड़ी ने उन्हें उसी स्थान पर ठहरने के लिए विवश किया। मौलाना ने कहा कि कर्बला पहुँचने के बाद हजरत इमाम हुसैन ने उस स्थान के बारे में जानकारी ली। जब उन्हें बताया गया कि इस क्षेत्र का नाम ₹कर्बला₹ है, तो उन्होंने फरमाया कि यह 'कर्ब' (दुःख) और ₹बला₹ (परीक्षा) की भूमि है। इसके बाद उन्होंने वहीं पड़ाव डालने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि 3 मुहर्रम को यजीदी सेना की संख्या में वृद्धि शुरू हो गई और उमर इब्न सअद अपने सैनिकों के साथ कर्बला पहुँचा। इसी दिन से इमाम हुसैन और उनके साथियों पर दबाव बढ़ाने की रणनीति अपनाई गई, जिसका उद्देश्य उन्हें यजीद की बैअत के लिए मजबूर करना था। मौलाना आमिर मियां सफवी मिस्बाही ने कहा कि कर्बला का वाकया केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि इंसानियत, सत्य, न्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का अमर संदेश है। हजरत इमाम हुसैन ने सत्ता, पद या व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि इस्लाम की मूल शिक्षाओं और मानव मूल्यों की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि मुहर्रम का महीना हमें सब्र, त्याग, नैतिकता और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा देता है। कर्बला का संदेश यह है कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन हों, सत्य और न्याय का साथ नहीं छोड़ना चाहिए।

### क्या है कर्बला का संदेश?

कर्बला का इतिहास केवल मुसलमानों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। 2 और 3 मुहर्रम की घटनाएँ यह दशार्ती हैं कि सत्य के मार्ग पर चलने वालों को कठिन परीक्षाओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन उनके सिद्धांत और आदर्श सदियों तक जीवित रहते हैं। हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने अन्याय के सामने समझौता करने के बजाय सत्य और इंसाफ का रास्ता चुना। उनका यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल बन गया। आज भी कर्बला का संदेश दुनिया भर में लोगों को अत्याचार के विरुद्ध खड़े होने, मानवता की रक्षा करने और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता है। मुहर्रम का महीना आत्मचिंतन, इबादत और समाज में प्रेम, सद्भाव तथा न्याय की भावना को मजबूत करने का अवसर है। कर्बला हमें सिखाती है कि सच्चाई की राह कठिन हो सकती है, लेकिन अंततः वही राह इंसानियत को बचाती है। कर्बला का संदेश किसी एक समुदाय या मजहब तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। इमाम हुसैन की कुबार्नी आज भी दुनिया को यह संदेश देती है कि अत्याचार और अन्याय के सामने झुकना नहीं, बल्कि सत्य के लिए डटे रहना ही वास्तविक सफलता है।

# 19 साल पुराने बकरीद जुलूस गोलीकांड में फैसला, 19 दोषियों को 3-3 साल की सजा



फतेहपुर, 18 जून (तरुणमित्र)। जिले के बहुचर्चित 19 साल पुराने बकरीद जुलूस गोलीकांड मामले में अदालत ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए दोनों पक्षों के कुल 19 आरोपियों को दोषी करार दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ने सभी दोषियों को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 19-19 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।बताते चलें कि यह घटना 7 दिसंबर 2008 को थाना हथगांव क्षेत्र के पट्टी शाह गांव में बकरीद के जुलूस के दौरान हुई थी। शाम करीब चार बजे दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प और गोलीबारी में बदल गया था। गोलीबारी की इस घटना में एक पक्ष के रियाज हैदर की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल शमशाद ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। वहीं दूसरे पक्ष के रईस गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

शासकीय अधिवक्ता अनिल दुबे और शिव किशोर के अनुसार, मामले में एक पक्ष से मजहर हैदर नकवी समेत अन्य तथा दूसरे पक्ष से शरीफ समेत कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। अदालत ने मामले की सुनवाई के दौरान प्रस्तुत सात गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर सभी 19 आरोपियों

# रात्रि चौपाल में राज्यमंत्री टेटवाल ने दिए ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के निर्देश

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के सारंगपुर विकासखंड के ग्राम कुड़लासा में बुधवार की रात आयोजित रात्रिकालीन जनकल्याण शिविर में कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने शिविर में पहुंचकर आसपास के दस गांवों से आए ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं और युवाओं से सीधा संवाद किया तथा उनकी समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में कुड़लासा, बुढ़नपुर, निशाना, टीकोद, निनोर, लाटा हैंडी, अनुनी, बनी और कोडियाखेड़ी सहित आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने मौके पर ही आवेदन प्राप्त कर समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया शुरू की।




मंत्री टेटवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने रात्रि चौपाल को जनता और प्रशासन के बीच विश्वास एवं संवाद का मजबूत माध्यम बताते हुए कहा कि गांवों में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करना ही सुशासन की पहचान है।कृषि विभाग ने किसानों को फार्मर आईडी, ई-केवाईसी, खाद वितरण की टोकन व्यवस्था और निःशुल्क मृदा परीक्षण की जानकारी दी। वहीं राजस्व विभाग ने खाद्यान्न और पात्रता पर्ची सहित अन्य मामलों के आवेदन प्राप्त किए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण अभियान और मातृ-शिशु कल्याण योजनाओं की जानकारी दी, जबकि शिक्षा विभाग ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मध्याह्न भोजन व्यवस्था पर चर्चा की। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण और मरम्मत से जुड़ी मांगें भी रखीं, जिन पर मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर के दौरान ग्राम कुड़लासा स्थित प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार की घोषणा से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा। मंदिर के संरक्षण और विकास की घोषणा का क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया।

## कलयुगी बेटे ने मां की हत्या कर शव को डबल बेड में छिपाया, पुलिस ने सुलझाई गुत्थी

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के थाना खुरई ग्रामीण पुलिस ने एक सनसनीखेज अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने अपनी ही माँ की बेरहमी से हत्या करने और साक्ष्य छुपाने के आरोप में एक कलयुगी बेटे को गिरफ्तार कर गुरुवार को मामले का खुलासा कर दिया है। मामला 11 अप्रैल 2026 को सामने आया था। खुरई के सहोद्राराय वार्ड के निवासी 16 वर्षीय नाबालिग फरियादी देव अहिरवार ने खुरई ग्रामीण थाने में आकर एक दर्दनाक सूचना दी। उसने बताया कि उसकी 45 वर्षीय मां ममता अहिरवार की किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी है। इतना ही नहीं, शातिर अपराधी ने पकड़े जाने के डर से और अपराध को छिपाने की नीयत से मृतका के शव को घर के अंदर बने कमरे में रखे डबल बेड के बॉक्स के भीतर बंद कर दिया था। घटना की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए खुरई ग्रामीण पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया। पुलिस ने अपराध क्रमांक 60/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103(1) और 238(ए) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री को क्रैक करने के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सबसे पहले घटनास्थल का वैज्ञानिक तरीके से बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद साइबर सेल की मदद से तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए और संदिग्धों से कड़ाई से पूछताछ की गई। लगातार मिले सबूतों और कड़ियों को जोड़ने के बाद पुलिस के शक की सुई मृतका के बड़े बेटे पर जाकर टिकी।

## नूतन स्टेडियम में होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिलास्तरीय आयोजन

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के मंदसौर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगा थीम पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21 जून प्रातः 5:30 बजे से 8:00 बजे तक नूतन खेल परिसर स्टेडियम में किया जाएगा। जिला आयुष विभाग ने गुरुवार को बताया कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं आमजन की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम के दौरान कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा तथा योग के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोगी जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिलेभर में विभिन्न जागरूकता एवं योग संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा अधिक से अधिक नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता करने तथा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की गई है।

## हाईवे का फुटपाथ धंसा, रेत से भरा डंपर पलटा ट्रांसफार्मर से टकराया वाहन, बड़ा हादसा टला

**मुरैना।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में नेशनल हाईवे-552 (जौरा रोड) पर गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हाईवे के किनारे बना फुटपाथ अचानक धंस जाने से रेत से भरा एक भारी-भरकम डंपर पलट गया और पास में लगे बिजली ट्रांसफार्मर से जा टकराया। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया, जबकि ट्रांसफार्मर और बिजली खंभे को नुकसान पहुंचा है।

जानकारी के अनुसार, राजस्थान नंबर आरजे 11 जीसी 5353 का डंपर बैरियर चौराहा से जौरा की ओर रेत लेकर जा रहा था। मथुरा मार्केट के समीप एक अन्य वाहन को रास्ता देने के लिए चालक ने डंपर को सड़क किनारे उतारा। जैसे ही टनों वजनी डंपर के पहिए फुटपाथ पर पहुंचे, जमीन धंस गई और वाहन का संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते डंपर पलट गया तथा उसके आधे पहिए जमीन में धंस गए। हादसे के दौरान डंपर की बॉडी पास में लगे बिजली ट्रांसफार्मर और खंभे से टकरा गई। डंपर से फैली रेत ने करीब 15 फीट ऊंचाई पर स्थापित ट्रांसफार्मर को आधा ढंक दिया, जबकि खंभा भी तिरछा हो गया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय आसपास कोई राहगीर या अन्य वाहन मौजूद नहीं था, अन्यथा गंभीर जनहानि हो सकती थी। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। डंपर में परिवहन की जा रही रेत को लेकर भी जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक तौर पर रेत सिंध नदी क्षेत्र की बताई जा रही है, लेकिन चंबल क्षेत्र से अवैध उत्खनन की आशंका के चलते वन विभाग की टीम को बुलाया गया। अधिकारियों ने रेत के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। सिविल लाइन थाना प्रभारी उदयभान यादव ने बताया कि चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना करने के मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है।

# सतर्कता और सुगमता के साथ आयोजित कराएं नीट परीक्षा : कलेक्टर



**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के मंदसौर में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर कलेक्टर अदिति गर्ग ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सतर्कता एवं सुगमता के साथ परीक्षा संपन्न कराने तथा विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिले में नीट परीक्षा चार केंद्रों – लाल बहादुर शास्त्री उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर, महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मंदसौर तथा राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मंदसौर में आयोजित होगी। परीक्षा में लगभग 1240 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों का प्रवेश प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा तथा परीक्षा दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभिभावकों के बैठने हेतु समुचित वेटिंग एरिया एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की वाहन पार्किंग एवं अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में चेकिंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रखने, सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे संचालित रखने, कंट्रोल रूम की सतत निगरानी, बायोमेट्रिक ई-मशीनों के सुचारू संचालन तथा सभी केंद्रों पर जैमर स्थापित कर उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। परीक्षा की निगरानी के लिए मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग दल की व्यवस्था भी रहेगी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर मेडिकल स्टाफ एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# मप्र के रतलाम में रणथंभौर एक्सप्रेस के पहियों से निकला धुआं, मची अफरा-तफरी

**रतलाम।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में गुरुवार को लूणी-रीछा स्टेशन के पास इंदौर से जोधपुर जा रही रणथंभौर एक्सप्रेस के जनरल कोच के पहियों से अचानक धुआं निकलने लगा। स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही आग लगने की आशंका से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और वे सामान लेकर फटाफट कूद पड़े। रेलवे कर्मचारियों ने फायर एक्सटिंग्विशर से स्थिति पर काबू पाया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इंदौर से जोधपुर जा रही रणथंभौर एक्सप्रेस (12465) गुरुवार सुबह करीब 9:45 बजे रतलाम जिले के लूनी-रिछा स्टेशन के पास से गुजर रही थी।

इसी दौरान ट्रेन के पिछले हिस्से में लगे एक जनरल कोच के पहियों के पास से चिंगारियां निकलती दिखाई दीं। स्थिति को देखते हुए लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए। ट्रेन रुकते ही संबंधित कोच के नीचे से धुआं निकलता दिखाई दिया। इससे यात्रियों में घबराहट फैल गई और कई यात्री अपना सामान लेकर जल्दी-जल्दी कोच से बाहर निकल आए। यात्री पास की रेलवे पटरियों पर पहुंच गए, जिससे कुछ देर के लिए वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में यात्री रेलवे ट्रैक के बीच खड़े दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि किसी ने ट्रेन में आग लगने की आशंका जताई थी, जिसके बाद लोग कोच छोड़कर बाहर निकल आए

। उस समय समानांतर ट्रैक पर एक दूसरी ट्रेन भी खड़ी थी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही रेलवे की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और ट्रेन की विस्तृत जांच की गई। करीब 20 मिनट तक ट्रेन रोके रखने के बाद उसे आगे के लिए रवाना कर दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि धुआं निकलने के कारणों की जांच की जा रही है। शुरूआती तौर पर माना जा रहा है कि इमरजेंसी ब्रेक लगने की वजह से यह स्थिति बनी होगी, लेकिन वास्तविक कारण विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।गौरतलब है कि रणथंभौर एक्सप्रेस सुबह 6 बजे इंदौर से रवाना होती है और रात करीब 11 बजे जोधपुर पहुंचती है। इससे पहले 17 मई को भी रतलाम जिले में लूनी-रिछा और विक्रमगढ़ स्टेशन के बीच राजधानी एक्सप्रेस (12431) के बी-1 एसी कोच में आग लग गई थी। उस दौरान भी सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था और प्रभावित कोच को ट्रेन से अलग कर दिया गया था। इसी तरह की घटना गत 14 जून को मुरैना जिले में हुई थी। यहां खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में मोबाइल फटने से आग लगने की अफवाह के कारण इसी तरह यात्री पटरियों पर उतर गए थे। हादसे में चार यात्रियों की दूसरे ट्रैक से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी।

## बिजली संकट से जूझ रहा ग्राम खेड़ा पहाड़, मोबाइल चार्ज कराने के लिए शहर का सहारा

**शाजापुर।** मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में बिजली की क?या हालत है यह किसी से छिपी नहीं है। मेंटेनेंस के बाद भी कटौती का दंश देने वाली बिजली कंपनी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रही, जिसकी कार्यप्रणाली लोगों में आक्रोश बढ़ा रही है। मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले के ग्राम खेड़ा पहाड़ के लोग भी इन दिनों बिजली कंपनी की ज्यादती का शिकार होकर अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि गांव पर 80 हजार की राशि बकाया है। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश लोगों ने बिल जमा कर दिए हैं और उन पर कोई बड़ा बकाया नहीं है। जिले के ग्राम खेड़ा पहाड़ में पिछले 15 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। ट्रांसफार्मर (डीपी) जल जाने के कारण ग्रामीण भीषण गर्मी के बीच अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद बिजली कंपनी के अधिकारी उनकी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के अधिकांश उपभोक्ताओं ने अपने बिजली बिल जमा कर दिए हैं और उन पर कोई बड़ा बकाया नहीं है। इसके बावजूद बिजली कंपनी 80 से 90 हजार रुपए के बकाया बिल का हवाला देकर नई डीपी नहीं लगाई जा रही है। जिसके चलते ग्रामीणों को ऐसे गर्मी और उमस के बीच अंधेरे में रात बिताना पड़ रही है।

यही नहीं ग्रामीणों को अपने मोबाइल चार्ज करने के लिए भी किराया खर्च कर गांव से शहर आना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जहां लाखों रुपए बकाया होने पर भी राजनीतिक संरक्षण के कारण तुरंत ट्रांसफार्मर बदल दिए जाते हैं, जबकि छोटे गांवों की उपेक्षा की जा रही है।

## महरोई मोड़ पर भीषण सड़क हादसा : बाइक-ट्रैक्टर की टक्कर में दो युवकों की मौत, एक गंभीर

**उमरिया।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के इंदवार थाना क्षेत्र अंतर्गत अमरपुर चौकी के महरोई मोड़ के पास बुधवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महरोई मोड़ के समीप बाइक और ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। दुर्घटना में दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।गुरूवार सुबह अमरपुर चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान अजय कोल (30) पुत्र लालमन कोल निवासी बरकुला थाना बदेरा तथा करण (25) पुत्र गयाप्रसाद के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में साले-बहनोई बताए जा रहे हैं। वहीं अमन (24) पिता राजू निवासी बिहरा गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बरही रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। इधर, ग्रामीणों ने हादसे के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उनका आरोप है कि विभाग द्वारा बिजली लाइन की सफाई के दौरान पेड़ों की शाखाएं काटकर सड़क किनारे छोड़ दी गई थीं। इन्हीं बाधाओं के कारण बाइक सवार संतुलन खो बैठे और ट्रैक्टर से टकरा गए। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# जनकल्याण शिविर में उमड़े लोग, 185 का स्वास्थ्य परीक्षण

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के सारंगपुर विकासखंड में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर में गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरी नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा लाभ के लिए आवेदन किए। शिविर में कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा जल निगम सहित विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाए।



विभागीय अधिकारियों ने नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों के आवेदन स्वीकार कर आवश्यक कार्रवाई भी की।कार्यक्रम में कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल और सांसद रोडमल नागर ने सहभागिता कर लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने नागरिकों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान कृषि विभाग ने फार्मर आईडी रजिस्ट्री के 117 और कृषक ई-केवाईसी के 94 प्रकरण दर्ज किए। स्वास्थ्य विभाग ने 185 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने लाड़ली लक्ष्मी योजना में 54 बालिकाओं का पंजीयन किया, जबकि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 158 हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया।पंचायत विभाग ने संबल योजना के 11 नए पंजीयन किए। वहीं अंत्येष्टि सहायता योजना के 47 और अनुग्रह सहायता योजना के 15 पात्र परिवारों को लाभ दिया गया। शिविर में दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों को सहायता राशि के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। पहले दिन आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मंत्री टेटवाल ने कहा कि जनकल्याण शिविर जनता और शासन के बीच विश्वास का मजबूत सेतु हैं, जबकि सांसद नागर ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 4.8 किमी लाइन से 11 केवी बिजली तार चोरी, अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के कालीपीठ थाना क्षेत्र के ग्राम किलाअमरगढ़ से बहादुरपुरा के बीच सड़क किनारे लगे विद्युत खंभों से अज्ञात बदमाश 11 केवी लाइन के तार काटकर ले गए। चोरी की यह वारदात करीब 4.8 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में हुई, जिससे बिजली परियोजना को नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने गुरुवार को अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार आपसोर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी के अकाउंटेंट नीरज (42) पुत्र अवधषरण सोनी (42) निवासी शाहजहांनगर, भोपाल ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। कंपनी क्षेत्र में विद्युत खंभे स्थापित कर बिजली लाइन बिछाने का कार्य कर रही है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को पता चला कि खंभों पर लगाए गए 11 केवी लाइन के तार कई स्थानों से काटकर चोरी कर लिए गए हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303 (2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी गए तारों की कुल मात्रा और उनकी कीमत का आकलन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चोरी से कंपनी को लाखों रुपए का नुकसान होने की आशंका है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के गांवों में पूछताछ शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे है।

### एक ही रात दो घरों में चोरी, लाखों के जेवर-नकदी ले उड़े बदमाश

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के शहर ब्यावरा थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुरा में बुधवार की रात चोरों ने एक ही रात में दो मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम खानपुरा निवासी रामबाबू सेन के घर में बीती रात अज्ञात चोर छत के रास्ते घुस गए। उस समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। चोरों ने अलमारी और संदूक के ताले खोलकर दो सोने की अंगूठियां, एक सोने का ताबीज, करीब एक किलो चांदी के आभूषण तथा 10 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की कीमत लगभग चार लाख रुपये बताई जा रही है। सुबह परिवार की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियां खुली मिलीं, जिसके बाद चोरी का पता चला। इसके बाद बदमाश पास में स्थित चंद्रप्रकाश गौड़ के सूने मकान में भी पहुंच गए। बताया गया है कि चंद्रप्रकाश का परिवार राजस्थान में खाटू श्याम दर्शन के लिए गया हुआ था। इसका फायदा उठाकर चोर घर में घुसे और 20 हजार रुपये नकद, एक सोने की अंगूठी सहित अन्य आभूषण चोरी कर ले गए। यहां से करीब डेढ़ लाख रुपये के सामान की चोरी होने का अनुमान है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी प्रकाश शर्मा, थानाप्रभारी शिवराज सिंह चौहान और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर डॉग स्क्वायड और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की मदद से साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों ने मास्टर-की का उपयोग किया, क्योंकि कई ताले बिना तोड़फोड़ के खुले मिले हैं। पुलिस संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है।

### मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले की खिलचीपुर थाना पुलिस टीम ने गुरुवार को छह वर्षीय मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित दुकान संचालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपित को अदालत में पेश किया।पुलिस के अनुसार बुधवार शाम पीड़ित की मां ने शिकायत दर्ज की, बच्ची अपनी सहेली के साथ सतनखेड़ी निवासी दिनेश सेन की दुकान पर खिलौने खरीदने गई थी। खिलौने लेकर दोनों बच्चियां अपने घर लौट आई, लेकिन कुछ देर बच्ची खिलौना वापस करने दुकान अकेले ही गई। इसी दौरान दुकान संचालक ने जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ गलत काम किया। मामले का खुलासा तब हुआ जब रात के समय बच्ची को दर्द हुआ। रोती हुई बच्ची से जब परिजनों ने पूछताछ की तो उसने दुकानदार दिनेश द्वारा उसके साथ गलत काम करने की बात कही।

# मप्र उच्च न्यायालय पहुंचा गौरझामर देव दत्तात्रेय लोक न्यास का मामला कलेक्टर व एसडीएम के खिलाफ अवमानना याचिका दायर

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के गौरझामर में स्थित ऐतिहासिक देव दत्तात्रेय लोक न्यास की संपत्ति पर कथित अवैध कब्जे और प्रशासनिक निष्क्रियता का मामला अब कानूनी गलियारों में गर्मा गया है। ट्रस्ट की बेशकीमती भूमि पर भू-माफियाओं के अतिक्रमण और जिला प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम न उठाए जाने से नाराज होकर न्यास के चार ट्रस्टियों ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। ट्रस्टियों ने सागर कलेक्टर, देवरी एसडीएम और स्थानीय तहसीलदार के खिलाफ कोर्ट के आदेशों की अवहेलना का आरोप लगाते हुए अवमानना याचिका दायर की है।न्यास के ट्रस्टियों का आरोप है कि भू-माफियाओं और अतिक्रमणकारियों ने ट्रस्ट की जमीन पर लंबे समय से अवैध कब्जा कर रखा है। याचिका में सबसे गंभीर आरोप यह लगाया गया है कि वर्ष 2012 में हाईकोर्ट ने एक अंतरिम आदेश जारी कर ट्रस्ट की संपत्ति पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद, कोर्ट के आदेशों को ताक पर रखकर बिना किसी सक्षम अनुमति के ट्रस्ट की भूमि पर एक आलीशान शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण करा दिया गया।



ट्रस्टियों का कहना है कि यह सीधे तौर पर न्यायालय के निर्देशों का खुला उल्लंघन और अवमानना है।इस पूरे विवाद की जड़ें काफी गहरी हैं। मामले के अनुसार, तत्कालीन एसडीएम स्तर पर नियमों को दरकिनार करते हुए ट्रस्ट रजिस्टर से चार ट्रस्टियों के नाम हटा दिए गए थे। इस मनमानी कार्रवाई के खिलाफ ट्रस्टी अदालत गए, जहां हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने प्रशासनिक आदेश को अवैध घोषित कर दिया था। बाद में इस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय ने भी सही ठहराया और उच्च न्यायालय के निर्णय पर अपनी मुहर लगाई थी। ट्रस्टियों का कहना है कि देश की सर्वोच्च अदालत से न्याय मिलने के बावजूद स्थानीय प्रशासनिक स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है और जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं किया गया। प्रशासन की इस कथित अनदेखी से क्षुब्ध होकर ट्रस्टियों ने उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की है। याचिका में निम्न अधिकारियों को प्रतिवादी बनाते हुए न्यायालय अवमानना अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई है, प्रतिभा पाल (सागर कलेक्टर), मुनब्बर खान (देवरी एसडीएम), प्रीति चौरसिया (तहसीलदार)याचिका में प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। ट्रस्टियों ने उल्लेख किया है कि एक तरफ जहाँ ट्रस्ट की भूमि पर धड़ल्ले से अवैध निर्माण और अतिक्रमण चल रहा, वहीं दूसरी तरफ स्थानीय प्रशासन ने मंदिर के पुजारी और श्रद्धालुओं को परेशान करने के लिए उनके खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर दी। इसके अतिरिक्त, वित्तीय अनियमितताओं की आशंका को देखते हुए ट्रस्टियों ने 'रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट' से वर्ष 2001 से लेकर वित्तीय वर्ष 2025-26 तक की अवधि का पूरा आय-व्यय का विवरण भी मांगा है।

इस संवेदनशील मामले में उच्च न्यायालय में याचिकाकताओं की ओर से आरपीएस लॉ एसोसिएट्स के अधिवक्ता यशवंत सिंह लोधी, अभिलाषा सिंह और काजल विश्वकर्मा पैरवी कर रहे हैं। लीगल टीम का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते हाईकोर्ट के पुराने आदेशों का पालन किया होता और भूमि का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाया होता, तो ट्रस्टियों को दोबारा अदालत की शरण में आने की आवश्यकता नहीं पड़ती।अब देखना यह होगा कि इस हाई-प्रोफाइल अवमानना याचिका पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय सागर जिला प्रशासन को क्या कड़े निर्देश जारी करता है।

## सागर में लोकायुक्त का बड़ा ट्रैप : एरियर्स पास कराने के नाम पर रिश्वत लेते अकाउंटेंट गिरफ्तार

**सागर।** मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सागर लोकायुक्त पुलिस ने गुरूवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सांदीपनि विद्यालय में पदस्थ अकाउंटेंट (लिपिक) गांधाली कदम को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोप है कि उन्होंने एक शिक्षक के लंबित एरियर्स का भुगतान कराने के बदले रिश्वत की मांग की थी। जानकारी के अनुसार, सांदीपनि विद्यालय में प्रथम श्रेणी शिक्षक के पद पर कार्यरत गेंदाराम अहिरवार का लगभग 60 हजार रुपये का एरियर्स बकाया था। आरोप है कि इस राशि के भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए गांधाली कदम ने पहले 3 हजार रुपये की रिश्वत मांगी, बाद में सौदा 2,500 रुपये में तय हुआ। रिश्वत देने के बजाय शिक्षक ने इसकी शिकायत सागर लोकायुक्त कार्यालय में की। शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और जैसे ही गांधाली कदम ने रिश्वत की राशि स्वीकार की, उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया गया।

# हॉकी इंडिया ने मिडफील्डर नेहा को 200 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अनुभवी मिडफील्डर नेहा को भारत के लिए 200 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर बधाई दी है। उन्होंने गुरुवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में आयोजित एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप में उरुग्वे के खिलाफ मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने मिडफील्डर नेहा की उपलब्धि की सराहना करते हुए अंतरराष्ट्रीय हॉकी में उनके लंबे करियर की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना किसी भी खिलाड़ी के करियर में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

नेहा एक दशक से अधिक समय से हमारी मिडफील्ड की अहम खिलाड़ी रही हैं। मैदान पर कठिन परिस्थितियों से निपटने की उनकी क्षमता उनकी आंतरिक शक्ति और चरित्र को दशार्ती है। उन्होंने महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हम भारतीय हॉकी में उनके अमूल्य योगदान को सलाम करते हैं और राष्ट्रीय जर्सी में उनकी निरंतर सफलता की कामना करते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि




एक महत्वाकांक्षी युवा खिलाड़ी से भारत के लिए 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने तक नेहा का सफर वाकई शानदार है। वह दृढ़ता की मिसाल हैं और उन्होंने साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत से किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है। मिडफील्ड में उनकी मौजूदगी टीम में एक अलग ही ऊर्जा भर देती है। यह उपलब्धि खेल के प्रति उनके अटूट समर्पण का फल है। उनका करियर निश्चित रूप से देश भर की कई युवा लड़कियों को हॉकी खेलने के लिए प्रेरित करेगा। इस उपलब्धि पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए नेहा ने कहा कि भारत के लिए 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने की उपलब्धि हासिल कर-के मैं बेहद खुश और उत्साहित हूं। देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व का क्षण है।

मैं अपने परिवार और प्रीतम सिवाच मैम को हर सुख-दुख में मेरा साथ देने के लिए दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं हॉकी इंडिया, अपनी टीम के साथियों और कोचिंग स्टाफ की भी आभारी हूं जिन्होंने मेरे पूरे करियर में मुझ पर भरोसा जताया और मेरा मार्गदर्शन किया।

हरियाणा के सोनीपत में जन्मी नेहा ने पूर्व भारतीय कप्तान प्रीतम रानी सिवाच के मार्गदर्शन में हॉकी खेलना शुरू किया था। उन्होंने 2014 में ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में आयोजित एफआईएच चैंपियंस चैलेंज में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। पदार्पण के बाद से ही उन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम में मिडफील्ड की एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

नेहा राष्ट्रीय टीम के सबसे महत्वपूर्ण दौर में एक केंद्रीय स्तंभ रही हैं। टोक्यो 2020 ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम में वह एक अहम सदस्य थीं। उनके शानदार करियर में जकार्ता में आयोजित 2018 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतना भी शामिल है। उन्होंने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को कांस्य पदक दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अतिरिक्त, नेहा ने 2022 में आयोजित एफआईएच महिला नेशंस कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 2023 में एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता। हाल ही में उन्होंने 2025 एशिया कप में राष्ट्रीय टीम को रजत पदक दिलाने में मदद की। वह रांची और राजगीर में आयोजित महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थीं।

# मुरादाबाद सिटी टाइटंस ने सोनकपुर स्टेडियम टीम को दो विकेट से हराया

**मुरादाबाद।** ब्रासिटी अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के मैदान पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में मुरादाबाद सिटी टाइटंस ने सोनकपुर स्टेडियम टीम को दो विकेट से हराया। तीन विकेट लेने वाले मुरादाबाद सिटी के कार्तिक को मैन ऑफ द मैच चुना गया वहीं 41 रन की पारी खेलने वाले विवेक को गेम चेंजर अवॉर्ड दिया गया।



मुरादाबाद डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव व पूर्व रणजी खिलाडी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सोनकपुर स्टेडियम की टीम 29.3 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से हर्षवर्धन ने 79 गेंदों पर 56 रन और कुमार अभिमन्यु ने 22 गेंदों में 24 रन बनाए। हालांकि कार्तिक की सटीक गेंदबाजी के आगे सोनकपुर स्टेडियम के बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल सके। कोहिनूर और सक्षम ने भी दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुरादाबाद सिटी टाइटंस ने 23.2 ओवर में आठ विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली।

विवेक ने 31 गेंदों में 41 रन और अभिजीत ने 16 गेंदों पर 35 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सोनकपुर स्टेडियम की ओर से हर्षित ने तीन और विशाल ने दो विकेट लिए लेकिन उनकी मेहनत टीम को जीत नहीं दिला सकी। मैच में तीन विकेट लेकर टीम की जीत की मजबूत नींव रखने वाले कार्तिक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

जबकि विवेक को उनकी 41 रन की पारी के लिए गेम चेंजर अवॉर्ड प्रदान किया गया। इस दौरान मिर्जा दानिश आलम, मोहम्मद सलीम, विजय तमांग, अमन लिट, चमन, प्रियांशु जोशी, ईशा दानिश, प्रतीक्षा और रोहित सहित कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# लगातार जीत से उत्साहित चंबल घड़ियाल्स कप्तान शुभम शर्मा, बोले- तैयारियों ने दिलाई सफलता

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप-2026 में चंबल घड़ियाल्स का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। टीम ने अब तक अपने सभी सात मुकाबले जीतकर अजेय रहने का रिकॉर्ड कायम रखा है। इस सफलता पर कप्तान शुभम शर्मा ने खुशी जताते हुए कहा कि लगातार जीत हासिल करना बेहद सुखद अनुभव है और टूर्नामेंट से पहले की गई कड़ी तैयारी ने टीम की इस कामयाबी में अहम भूमिका निभाई है। चंबल घड़ियाल्स ने इस सीजन जीत का सिलसिला जारी रखा है। बीती रात टीम ने इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बुंदेलखंड बुल्स को 39 रनों से हराकर लगातार सातवीं जीत दर्ज की। इससे टीम इस सीजन अंक तालिका में 14 अंकों



के साथ टॉप पर काबिज है।

बुंदेलखंड बुल्स के खिलाफ जीत के बाद कप्तान शुभम शर्मा ने कहा कि लगातार सात जीत हासिल करना बहुत अच्छा लग रहा है। जब तक हम जीतते रहते हैं तो ड्रेसिंग रूम का माहौल सकारात्मक रहता है। हालांकि हमें पता है कि अभी भी कुछ ऐसी जगहे हैं जहां हम सुधार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर मैच में अलग-अलग चुनौतियां होती हैं और आज भी ऐसा ही था। हमने शुरूआत में कुछ विकेट गंवा दिए थे, इसलिए साझेदारी बनाना बहुत जरूरी हो गया था। कप्तान शर्मा ने कहा कि टूनार्मेंट से पहले की तैयारी ने हमारी सफलता में बड़ी भूमिका निभाई है। हमने ग्वालियर में एक साथ अच्छी ट्रेनिंग की, टीम के बीच मजबूत तालमेल बनाया और वही समझ हमें लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में मदद कर रही है।

मुकाबले की बात करें तो चंबल घड़ियाल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शुभम शर्मा (81) और त्रिपुरेश सिंह (50) की शानदार पारियों की बदौलत अपने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 218 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इन दोनों के अलावा अंकुश सिंह 26 रन, अमन भदौरिया 15 रन, मयूर पटेल ने नाबाद 13 रन और आवेश

# महिला हॉकी नेशंस कप: भारत ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

**ऑकलैंड।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को आखिरी पूल मैच में उरुग्वे को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया। इस जीत के साथ भारत ने पूल ए में शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया, जिसमें अमेरिका, जापान और उरुग्वे पर लगातार तीन जीत शामिल हैं।

अमेरिका पूल ए में दूसरे स्थान पर रहा और भारत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गया। न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेले गए मुकाबले में भारत के लिए दीपिका (24वें मिनट, 56वें मिनट) और दीपिका सोरेंग (43वें मिनट) ने गोल किए। उरुग्वे के लिए चियारा एपेंनिनो (13वें मिनट) और मैनुएला विलार (55वें मिनट) ने



गोल दागे। यह मैच मिडफील्डर नेहा के लिए एक खास मौका था, जिन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला।

मुकाबले के पहले क्वार्टर में कड़ी टक्कर के बाद उरुग्वे ने 13वें मिनट में चियारा के गोल से बढ़त हासिल कर ली।

हालांकि भारत ने जोरदार वापसी करते हुए हाफ टाइम से पहले अपनी शानदार फॉर्म में चल रही खिलाड़ी दीपिका के पेनल्टी कॉर्नर को 24वें मिनट में सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। पहले हॉफ के बाद भारत ने अपनी खेल की तीव्रता बढ़ाते हुए लगातार दबाव बनाए रखा। 43वें मिनट में दीपिका सोरेंग के शानदार गोल की बदौलत भारत ने 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। उरुग्वे ने वापसी करते हुए कप्तान मनुएला के गोल से बराबरी कर ली। हालांकि, भारत ने तुरंत जवाब दिया। महज एक मिनट बाद दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर से अपना दूसरा गोल दागकर भारत को 3-2 की बढ़त दिला दी, जिससे भारत की जीत सुनिश्चित हो गई।

## अर्थव्यवस्था

# इंडिगो एयरलाइन ने 'कैब्स विद इंडिगो' एयरपोर्ट ट्रांसफर सर्विस लॉन्च की

### सिर्फ 49 रुपये में बुक होगी कैब, एयरपोर्ट ट्रांसफर के साथ आसान यात्रा का भरोसा

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन ने गुरुवार को 'कैब्स विद इंडिगो' नाम से एक नई एयरपोर्ट ट्रांसफर सर्विस लॉन्च की है। यह सर्विस देश के सभी शहरों में उपलब्ध होगी और इंडिगो ब्लूचिप लॉयल्टी प्रोग्राम से जुड़ी होगी। इसके जरिए हवाई सफर करने वाले यात्रियों को 49 रुपये में कैब रिजर्वेशन, 100 फीसदी कन्फर्म राइड, बिना सर्ज प्राइसिंग, फ्री कैंसिलेशन और 30 मिनट फ्री वेटिंग जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

कंपनी ने कहा कि आसान और बिना किसी परेशानी वाली यात्रा देने के अपने वादे को पूरा करते हुए भारत की पसंदीदा एयरलाइन इंडिगो ने 'कैब्स विद इंडिगो' सर्विस शुरू की है।

यह एक खास एयरपोर्ट ट्रांसफर सर्विस है, जिसे भारत के सभी शहरों में एयरपोर्ट तक और वहां से आने-जाने के लिए भरोसेमंद, समय पर और तनाव-मुक्त कनेक्टिविटी देने के लिए बनाया गया है। एयरलाइन के लॉयल्टी प्रोग्राम 'इंडिगो ब्लूचिप' के साथ आसानी से जुड़ी यह सर्विस सदस्यों को 'कैब्स विद इंडिगो' पर खर्च किए गए हर 100 रुपये के लिए 5 'इंडिगो ब्लूचिप' कमाने का मौका देगी, जिससे तेजी से पॉइंट जमा होंगे और पूरी यात्रा एक फायदेमंद अनुभव बनेगी।

इंडिगो के चीफ डिजिटल और इन्फॉर्मेशन ऑफिसर नीतन चोपड़ा ने कहा कि इंडिगो में हमारा ध्यान सिर्फ उड़ानें चलाने से कहीं ज्यादा है। हम एक ऐसा आसान और पूरा ट्रैवल इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिस पर हमारे ग्राहक भरोसा कर सकें। उन्होंने कहा कि 'कैब्स विद इंडिगो' की शुरूआत इस विजन को और मजबूत करती है। यह पक्का करती है कि यात्रा का हर चरण, 'घर से एयरपोर्ट और फिर आखिरी मंज़िल तक' आसान, भरोसेमंद और तनाव-मुक्त हो। नीतन चोपड़ा ने कहा कि जैसे-जैसे हम अपनी ट्रैवल सेवाओं को बेहतर बना रहे हैं, यह सर्विस हमारे ग्राहकों को काम की, बिना किसी परेशानी वाली और एक जैसी ट्रैवल सुविधा देने के हमारे वादे को और मजबूत करती है। 'कैब्स विद इंडिगो' अब इंडिगो की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के जरिए बुकिंग के लिए उपलब्ध है।

इंडिगो ग्राहकों के लिए शुरू से आखिर तक की यात्रा को आसान बनाने पर ध्यान देते हुए एक बेहतर ट्रैवल इकोसिस्टम में लगातार निवेश कर रही है और 'कैब्स विद इंडिगो' का लॉन्च उसी वादे का एक स्वाभाविक विस्तार है।

हवाई कनेक्टिविटी देने के अलावा इंडिगो 7 लाख से ज्यादा ठहरने के विकल्पों और चुने हुए घूमने-फिरने के अनुभवों के लिए होटल बुकिंग की सुविधा भी देती है। नई सर्विस 'कैब्स विद इंडिगो' इस इकोसिस्टम को और बेहतर बनाती है।

मोजोबॉक्स द्वारा संचालित 'कैब्स विद इंडिगो' यात्रियों को हवाई यात्रा के लिए खास तौर पर तैयार की गई सुविधाओं के साथ एक भरोसेमंद और पारदर्शी मोबिलिटी समाधान देती है।

# टाटा मोटर्स वाणिज्यिक वाहनों की कीमत में एक जुलाई से करेगी 2.5 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स ने अब अपने व्यावसायिक वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। नई कीमतें आगामी एक जुलाई से लागू होंगी। कंपनी ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि यह मूल्य वृद्धि उसके सभी वाणिज्यिक वाहनों पर लागू होगी। हालांकि अलग-अलग मॉडल एवं संस्करण के अनुसार बढ़ोतरी की दरें अलग-अलग हो सकती है। टाटा मोटर्स के मुताबिक यह कदम कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और अन्य लागतों के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए उठाया जा रहा है। इससे पहले कंपनी ने पैसेंजर व्हीकल की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान किया था। टाटा मोटर्स के कार के दाम में यह बढ़ोतरी भी आगामी एक जुलाई से लागू होगी। कंपनी ने बताया था कि उसकी पेट्रोल, डीजल और इलेक्ट्रिक कारों की कीमतों में 1.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि टाटा मोटर्स देश में व्यावसायिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। इसका पुराना नाम टेल्को था। ये टाटा समूह की प्रमुख कंपनियों में से एक है। इसकी उत्पादन इकाइयां भारत में जमशेदपुर, पुणे और लखनऊ सहित देश के कई शहरों में हैं।

# आईसीएआई सीए फाइनल परीक्षा का परिणाम घोषित, पटियाला के नूर सिंगला बने ऑल इंडिया टॉपर

**नई दिल्ली।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने गुरुवार को चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फाइनल मई, 2026 परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। आईसीएआई ने टॉपर्स की सूची भी जारी कर दी है।

इस बार पटियाला के नूर सिंगला ने 499 अंक (83.17 फीसदी) हासिल कर देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। आईसीएआई ने सीए फाइनल मई 2026 परीक्षा का परिणाम आज घोषित किया। साथ ही टॉपर्स की सूची भी जारी कर दी गई है।

इस बार पटियाला के नूर सिंगला ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल किया, उन्हें 499 अंक मिले हैं, जबकि उनका फीसदी 83.17 रहा।

हावड़ा के रितिज सराफ ने 475 अंकों यानी 79.17 फीसदी के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है, जबकि डोंबिवली के सोहन अनिल मांजरेकर 473 अंकों यानी 78.83 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इन तीनों छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया टॉप-3 में अपनी जगह बनाई है।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सीए फाइनल परीक्षा पास करने के बाद 7,931 उम्मीदवार चार्टर्ड अकाउंटेंट बने है। ग्रुप क के 54,606 उम्मीदवारों में से 6,555 पास हुए। ग्रुप क्क का परिणाम 20.49 फीसदी रहा और 42,573 उम्मीदवारों में से 8,725 पास हुए। दोनों ग्रुप का परिणाम 14.07 फीसदी रहा है, जिसमें 23,776 उम्मीदवारों में से 3,345 पास हुए हैं।

# शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी, सेंसेक्स 254 अंक उछला

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में मजबूती का रुख लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में जारी रहा। भू-राजनीतिक मोर्चे पर सकारात्मक घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों में जारी नरमी से बाजार को समर्थन मिला, जिससे घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भी बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 254 अंकों और निफ्टी में 82 अंकों की उछाल दर्ज की गई। कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 254.36 अंक यानी 0.33 फीसदी की उछाल के साथ 77,409.98 के स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय ये 77,492.33 अंक के उच्चतम और



76,953 के निचले स्तर तक गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 82.30 अंक यानी 0.34 फीसदी चढ़कर 24,168 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के समूह में शामिल प्रमुख कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एनटीपीसी, स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। वहीं, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, मारुति और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में गिरावट रही। ये घरेलू शेयर बाजार में तेजी का लगातार पांचवां कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स में कुल 3,577.43 अंक और निफ्टी में 1,006.4 अंक की बढ़त दर्ज की गई है। एशिया के अन्य शेयर बाजारों में शामिल दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुए है, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में मिश्रित रुख के साथ कारोबार कर रहे थे।

पश्चिम एशिया में तनाव थमने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 2.23 फीसदी गिरकर 77.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को सेंसेक्स 347.14 अंक की तेजी के साथ चढ़कर 77,155.62 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 97 अंक की बढ़त के साथ 24,085.70 पर बंद हुआ था।

# एचडीएफसी बैंक के अंतरिम चेयरमैन केकी मिस्त्री का कार्यकाल तीन महीने बढ़ा

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के अंतरिम अंशकालिक चेयरमैन के रूप में केकी मिस्त्री के कार्यकाल को 3 महीने तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। एचडीएफसी ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "आरबीआई ने बैंक के आवेदन पर 18 जून को प्राप्त संचार के माध्यम से यह मंजूरी दी गई है।" बैंक ने बताया कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने केकी मिस्त्री के पार्ट-टाइम चेयरमैन के तौर पर कार्यकाल को तीन महीने बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। यह कार्यकाल 18 सितंबर, 2026 तक या किसी रेगुलर पार्ट-टाइम चेयरमैन की नियुक्ति होने तक (इनमें से जो भी पहले हो) बढ़ाया गया है। बैंक ने गुरुवार को जारी बयान में यह भी बताया कि उसके निदेशक मंडल ने बैंक की 32वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 5 अगस्त को आयोजित करने को मंजूरी दी है। इस एजीएम में 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 13 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश भुगतान को भी मंजूरी दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि केकी मिस्त्री, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड, एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड, द ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कंपनी लिमिटेड, केएटीबी कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड, ब्रूकप्रॉप मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मंडल में भी सदस्य हैं।